"जब विश्वमानक पर इस्लामी नैतिकता को मापा जाता है, तब यह अरबी मजहब न तो मानवता का मित्र और न ही उसका पथ-प्रदर्शक ही ठहरता है। सच्चाई यह है कि यह पूरी मानवता के अस्तित्व का गंभीर संकट बना हुआ है।"

....इस्लाम धर्मोन्माद का ऐसा स्वरूप बना हुआ है जो सामाजिक अलगाव, गैर मुसलमानों से नफरत तथा प्रभुत्व, हत्या और विध्वंस द्वारा उनका विनाश कर डालने की शिक्षा देता है।

अनवर शेख (इस्लाम, पृष्ठ ...)

"सीधे अल्लाह के हुक्म इतने स्पष्ट हैं कि उनको अलग से कानूनबद्ध करने की आवश्यकता नहीं है। इनमें से एक आदेश है, जो इस्लामी नैतिकता का अभिन्न भाग है। इस्लाम नहीं मानने वालों की हत्या करने, उन्हें लूटने और उनकी औरतों से बलात्कार करने का अल्लाह का खुला आदेश है। उनकी औरतों को विधवा तथा बच्चों को अनाथ बना देना चाहिए, क्योंकि ये अल्लाह के सबसे बड़े शत्रु हैं, जो इस्लाम में ईमान नहीं लाने के पाप से भरे हुए हैं।"

– अनवर शेख (इस्लाम, पृष्ठ ...)

"..... और काफ़िर यह न समझें कि वह भाग कर (हमसे) बच निकले। वह कदापि (हमको) थका नहीं सकते।"

(कुरान 8 : 59)

क्या हिंदू मिट जायेंगे?

इत्था हि सोम इन्मदे ब्रह्मा चकार वर्धनम्।
शविष्ठ वज्रिन्नोजसा पृथिव्या निःशशा अहिमर्चन्ननु स्वराज्यम्॥
- ऋगवेद (१/८०/१)

स्वराज्य की प्राप्ति तभी सम्भव है जब ओज और शक्ति की सहायता से राक्षसी प्रवृत्तियों का दमन किया जाय।

लेखक
सच्चिदानन्द चतुर्वेदी

क्या हिंदू मिट जायेंगे ?

लेखक :
सच्चिदानन्द चतुर्वेदी

प्रकाशक :
धर्म प्रकाशन
महामनापुरी (निकट विवेकानन्द मठ), वाराणसी

"हर शाख पर उल्लू बैठे हैं,
अन्जाम-ए-गुलिस्तां क्या होगा?"

अगर किसी फुलवारी में हर पौधे की शाखाओं पर उल्लू बैठे हों, तो उस फुलवारी का क्या होगा? उन उल्लुओं की तरफ देखो तो चिन्ता पैदा होती है। भारत में कुछ ऐसा ही हुआ। बुद्धिहीनता के हाथ में भारत की पतवार है। जड़ता के हाथ में भारत का भाग्य है। नासमझियों का लम्बा इतिहास है। अंधविश्वासों की पुरानी परम्परा है। अंधेपन की सनातन आदत है और उन सबके हाथ में भारत का भाग्य है।

- ओशो

संस्करण : पहला, जनवरी 2006
: दूसरा, जून , 2007
: तीसरा, अक्टूबर , 2009

क्या हिंदू मिट जायेंगे ?

लेखक :
सच्चिदानन्द चतुर्वेदी

मूल्य 90/-

© लेखकाधीन

मुद्रक : काबरा ऑफसेट्स,
रवीन्द्रपुरी, वाराणसी

काफिर

अल्लाह और अल्लाह के रसूल पर ईमान (विश्वास) नहीं लाने वाला व्यक्ति काफिर कहलाता है। इस्लाम का अल्लाह हिन्दुओं द्वारा मान्य भगवान, ईश्वर, ब्रह्म आदि नामों से भिन्न है। वह सातवें आसमान पर स्थित अपने अर्श (सिंहासन) पर विराजमान रहता है। वह फिरिश्तों से घिरा रहता है। सृष्टि की रचना उसके द्वारा छः दिन में की गई थी। वह सर्वज्ञाता एवं सर्व शक्तिमान है; किन्तु सर्वव्यापी नहीं है। सृष्टि का संचालन वह अपने फिरिश्तों द्वारा करता है। वह जन्नत और दोजख का मालिक है। कयामत के दिन न्याय करने वाला; मुसलमानों को जन्नत और काफिरों को दोजख की आग में जलाने वाला। अल्लाह चाहता है कि सिर्फ उसी की इबादत की जाय, उसके अलावा और किसी की नहीं। अल्लाह के सिवा दूसरे देवी-देवताओं को पूजने वाले को वह दोजख की आग में जलायेगा।

मक्का निवासी मुहम्मद साहब को अल्लाह ने अपना अन्तिम पैगम्बर बनाया। अपनी नियुक्ति की सूचना उन्हें जिब्रील फिरिश्ता से मिली। उनके सिवा और कोई यह नहीं जान सका। पैगम्बर या रसूल बनाये जाने की घोषणा उन्होंने स्वयं की। कुरान को अल्लाह का हुक्म बताया और उस पर विश्वास करने को कहा। जिन लोगों ने ईमान लाया उन्हें मोमिन, मुसलमान या ईमानवाला कहा गया और जिन लोगों ने ईमान नहीं लाया उन्हें काफिर। उन्होंने पुनः अल्लाह का हुक्म बताया, जिसके अनुसार काफिरों की हत्या, उनके धन और उनकी औरतों की लूट और उनका भोग मुसलमानों के लिए जायज कहा। काफिरों से जेहाद के नाम से तबतक युद्ध करना मुसलमानों का फर्ज बताया जबतक कि उन्हें बलात् इस्लाम स्वीकार न करा दें और वे जिस देश में रहते हैं उसे इस्लामी राज्य न बना दें।"

★ .....अल्लाह काफिरों को हिदायत (पथ प्रदर्शन) नहीं दिया करता। (कु0 2:264)

★ .....इनके लिए दुनिया में अपमान (व निरादर) और आखिरत में बड़ी सजा है। (कु0 2:114)

★ (ऐ पैगम्बर) काफिरों से कह दो कि अगर कुफ्र से बाज आ जायँ तो उनके पिछले (गुनाह) माफ कर दिये जायेंगे। और अगर फिर वही (हरकत) करेंगे तो अगले (गुनहगार) लोगों की (सजा की) रीति पड़ चुकी है.....। (कु0 8:38)

★ तो चार महीने मुल्क में चल फिर लो, और जाने रहो कि तुम अल्लाह को हरा नहीं सकोगे, और (यह कि)अल्लाह काफ़िरों को (हमेशा) जिल्लत देता है। (कु0 9:2)

★ हमने काफिरों के वास्ते जंजीरें और तौक और दहकती हुई आग तैयार कर रक्खी है। (कु0 76:4)

★ यकीनन जिन लोगों ने हमारी आयतों से इनकार किया हम उनको जल्दी ही (दोजख की) आग में झोंकेंगे। जब उनकी खालें जल जावेंगी, हम उनको दूसरी खाल से बदल देंगे ताकि अजाब का मजा चखते रहें।..... (कु0 4:56)

भूकम्प में भी इस्लामी आतंक

कश्मीर में भूकम्प आपदा ने सम्पूर्ण मानवता को द्रवित कर दिया। यदि कोई द्रवित नहीं हुआ तो वह है इस्लामी मजहबी उन्माद। भारत वर्ष से स्वयंसेवक सहायता राशि पहुँचा रहे हैं, उधर इस्लामी आतंकी मानव रक्त बहा रहे हैं। राजौरी में एक दर्जन हिन्दुओं की हत्या कर दी गई। जिस इस्लाम को भाईचारे का मजहब कहा जाता है, उसके प्रबल समर्थक संकट की इस घड़ी में भी हिंसा से बाज नहीं आ रहे हैं। यह कैसा मजहब है? यह कैसा उन्माद है, जो प्राकृतिक आपदा के समय सहायता के लिए आगे तो नहीं आता , अपितु धरती को मानव रक्त से लाल कर देता है। कश्मीर में आया भूकम्प और उसके पश्चात हिन्दुओं की हत्यायें यह सिद्ध करती हैं कि मानवता के प्रति उनकी कोई आस्था नहीं। यहाँ तक कि इस्लामी संगठन जो जेहाद की बात करते हैं वे अपने मुस्लिम बन्धुओं की सहायतार्थ आगे नहीं आये। मुस्लिम देश जो आतंकवाद के लिए धन उपलब्ध करा रहे हैं, भूकम्प पीड़ितों को एक पैसा उपलब्ध नहीं कराया। इससे ही स्पष्ट होता है कि इन लोगों के मजहब की परिभाषा क्या है। राजौरी के दो गावों में जिन हिन्दुओं की हत्याएँ की गई, उनके घर भूकम्प में ध्वस्त हो गये थे। आपदा के क्षणों में इन इस्लामी संगठनों का कार्य अपने स्वबन्धुओं की सहायता करना होना चाहिए था लेकिन सेवा और सहयोग उनकी सभ्यता के कभी अंग नहीं रहे, यदि ऐसा होता तो जो इस्लामी संगठन हैं, उनके हाथों में पीड़ित के लिए सहायता सामग्री होती, जेहादी बन्दूक न होती।

इतिहास साक्षी है जब कारगिल युद्ध हुआ तो अनेक समाचार पत्रों ने शहीदों के लिए कोष की स्थापना की थी। इस सूची में एक भी मुस्लिम नाम नहीं था। लखनऊ सचिवालय के कर्मचारियों ने एक दिन का वेतन देने की घोषणा की तो दो मुस्लिम कर्मचारियों ने वेतन कटवाने से मना कर दिया। कश्मीर की घटनाओं को इसी प्रसंग में देखना उचित होगा। जब सुनामी आपदा आई तो दर्जनों हिन्दू संगठन सेवा कार्य में लगे। बिना किसी भेदभाव के मुस्लिमों की भी भरपूर सहायता की गई। लेकिन जब कश्मीर के एक हिन्दू का घर भूकम्प से गिरा तो उसे इस्लाम के ठेकेदारों ने परिवार सहित अत्यंत निर्दयता के साथ इसलिए मार डाला कि वह बच कैसे गया।

आश्चर्य यह है कि किसी भी इस्लामी और धर्मनिरपेक्ष संगठन ने इस हत्याकाण्ड का विरोध नहीं किया, क्योंकि हिन्दू मरे हैं, हिन्दू की हत्या धर्मनिरपेक्षता को प्रभावित नहीं करती। चरित्र इस्लामी अभियान का हो या चरित्र धर्म निरपेक्षता का हो, राजौरी की घटना एक यथार्थ कह रही है जो मानव जाति के भविष्य को कहाँ ले जायेगी इस संबंध में दिल दहलाने वाली आशंकाएँ जन्म ले रही हैं।

(पुरुषोत्तम। हिन्दू सभा वार्ता 26 अक्तू.–1 नव. 2005)

विषय-सूची

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	क्या हिन्दू मिट जायेंगे ?	12
2.	हिन्दू के अस्तित्व का प्रश्न	18
3.	देश विभाजन के समय जेहाद	28
4.	आर्य संस्कृति, अतीत, वर्तमान एवं भविष्य	37
5.	इस्लाम और गैर मुसलमान	44
6.	इस्लाम जेहाद और गैर मुसलमान	57
7.	हिन्दू पराजय का कारण	92
8.	मनुष्य की मनोभावनाएँ निम्नता की ओर सहज ही आकर्षित होती हैं।	99
9.	भारत में अध्यात्म और प्रपंच	106
10.	हिन्दू अस्तित्व–संकट और समाधान	121
11.	संदर्भ–ग्रन्थ	217

◆

विषय–परिचय

इस पुस्तक में सम्मिलित लेखों को अलग–अलग समय में पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित कराने हेतु लिखा गया था। इनके लिखने का उद्देश्य हिन्दू समाज को इस्लाम और ईसाइयत के चरित्र की जानकारी देना था।

धर्म को सामान्यतः रिलीजन या मजहब का पर्यायवाची शब्द समझ लिया जाता है, जो सही नहीं है। धर्म, अनेक विद्वानों, विचारकों, चिन्तकों, ज्ञानियों, तपस्वियों, ऋषियों, मुनियों सहित समाज के प्रबुद्ध और अनुभवी लोगों की निर्णयात्मक शुद्ध बुद्धि द्वारा आनन्दमय जीवन के लिए ढूँढे गये मार्ग या बनाये गये नियमों का समुच्चय होता है। इसकी प्रकृति सार्वभौमिक, शाश्वत एवं निरपेक्ष जैसी होती है। इसलिए धर्म मूल रूप में मानव धर्म होता है। पूरी दुनिया में, प्राचीन काल में, यह सिर्फ भारतीय भूखण्ड पर ही विकसित हुआ। यहाँ के मूल वासिन्दों को हिन्दू कहे जाने के कारण इस सनातन धर्म को हिन्दू धर्म भी कहते हैं। इसके बोध से विचारों की स्वतंत्रता और आत्म–अनुशासन की अवचेतन अन्तर्प्रेरणा पैदा होती है। इससे समाज में स्वतंत्रता, सहिष्णुता, शान्ति, सुव्यवस्था, ज्ञान, वैभव और चहुँमुखी आनन्द का वातावरण बनता है। इसी कारण प्राचीन भारत में उच्च संस्कृति विकसित हो सकी। विचारों की स्वतंत्रता के कारण अनेक कर्मकाण्ड, पंथ और उससे जुड़ कर सम्प्रदाय बनते बिगड़ते रहते हैं। सामान्य लोग किसी न किसी सम्प्रदाय या पंथ से जुड़ कर जीवन व्यतीत करते हैं। वैचारिक स्वतंत्रता का बोध परस्पर विरोधी विचारों या पंथों को बने रहने में कोई रुकावट नहीं डालता है, इसलिए समाज सहिष्णु होता है। ज्ञान, अनुभव और तर्क की प्रधानता रहती है। परिणाम स्वरूप बदलते परिवेश में देश, काल और परिस्थिति के अनुसार मानवता के कल्याण, सुख एवं आनन्द हेतु नये मार्ग निर्धारण की स्वतंत्रता बनी रहती है। यद्यपि अतीत से बँध जाने की मानव प्रकृति के कारण, पंथों–सम्प्रदायों द्वारा रुकावटें पैदा की जाती हैं, अंध विश्वास और सामाजिक रूढ़ियाँ उपजती हैं, फिर भी धर्म उन सारे बंधनों और भटकावों से छुटकारा दिलाने में समर्थ होता है। सामान्य भारतवासी पर इस संस्कृति का सदा अवचेतन प्रभाव विद्यमान रहता है। कोई वैसा सम्प्रदाय विकसित नहीं हो पाता है जो अपने विचार को मानने के लिए दमन का सहारा ले। धर्म की प्रधानता बनी रहती है, इसलिए प्राचीन भारत में राजनीति, अपनी अहंकारी, उद्दण्ड, अक्खड़ और निरंकुश प्रकृति के बावजूद धर्म से नियन्त्रित होती थी। राजकाज धर्म के नियमों से चलता था।

शामी (सेमेटिक) परम्परा इसके ठीक विपरीत है। यहूदी ईसाइयत और इस्लाम शामी परम्परा के मजहब हैं। "ओल्ड टेस्टामेन्ट" नाम से ज्ञात इस परम्परा में पचास से अधिक ग्रन्थ हैं। 'न्यू टेस्टामेन्ट' सिर्फ ईसाइयों से संबंधित है। मुसलमानों का धर्मग्रन्थ कुरान है।

इस परम्परा में किसी देश, राज्य या क्षेत्र का शासक अपने को पैगम्बर, ईश्वर पुत्र या दैवी सत्ता का प्रतिनिधि घोषित करता था और लोगों को सैनिक ताकत से कुचल कर अपना प्रभुत्व मनवाता था। वह जो विधान, नियम और कानून बनाता था तथा विभिन्न किस्से कहानियों द्वारा इंगित करता था, उसे ईश्वरीय आदेश, नियम या विधान घोषित कर लोगों को मानने के लिए विवश करता था। इसलिए 'ओल्ड टेस्टामेन्ट' की रचनाएँ समय समय पर सम्राटों, राजाओं, जमींदारों, सेनापतियों, पुरोहितों आदि द्वारा की या कराई गई रचनाएँ हैं, जिसका उद्देश्य अपनी प्रजा को ईश्वरीय आदेश के नाम पर अपनी बात मनवा कर अधीन बनाये रखना था। इसके द्वारा वे स्वयं को ईश्वरीय सत्ता का अधिकारी बता कर अपना स्थाई प्रभुत्व बनाये रखने की व्यवस्था करते थे। इन ग्रन्थों की रचना में किसानों, गड़ेरियों, मछुआरों आदि का भी योगदान है। भारतीय प्राचीन धर्मग्रन्थों की श्रेष्ठता के सामने अपने धर्मग्रन्थों को सारहीन पाकर यूरोपीय लोगों ने उद्दण्ड बच्चों की तरह भारतीय गौरव को नीचा दिखाने के लिए वेद को गड़ेरियों का गीत तक कह डाला।

इन रचनाओं में युद्ध विध्वंस, अत्याचार, अनाचार, षड्यन्त्र, धोखाधड़ी, हत्या, लूट–खसोट, नर–संहार, औरतों की लूट, बलात्कार, व्यभिचार आदि का भरमार है। शासक के हित में किये जाने वाले ये सभी दुष्कर्म ईश्वरीय विधान और नैतिक कर्म बतलाये जाते थे। इस प्रकार के विधान ही रिलीजन या मजहब बनते थे। इनकी उत्पत्ति राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिये होती थी। इसलिए इन रिलीजनों का काम धर्म की स्थापना नहीं बल्कि राजनीति की चाकरी करना था।

इस्लाम के प्रवर्त्तक मुहम्मद साहब अत्यन्त प्रतिभावान व्यक्ति थे। स्वघोषित पैगम्बर के अतिरिक्त उनमें एक साथ सम्राट, सेनापति, सैनिक, राजनीतिज्ञ, चतुर, कूटनीतिज्ञ, प्रखर वक्ता, धर्मोपदेशक, व्यापारी, न्यायाधीश, दृढ़ निश्चयी एवं अति कर्मठता के गुण थे। उनकी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा बढ़ कर उन्माद का रूप ले चुकी थी।

वे आर्य परम्परा वाले वंश में पैदा हुए थे पर शामी परम्परा के निकट सम्पर्क में अधिक समय गुजारने के कारण उसका उन्हें ज्ञान था। अपनी महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए उन्होंने उसे ही उपयुक्त पाया। उसी मार्ग से चलकर उन्होंने इस्लाम की स्थापना की।

इस्लाम और ईसाइयत के अलावा मार्क्सवादी विचारधारा का भी तेजी से प्रचार–प्रसार हो रहा है, जिसकी उत्पत्ति भी इसी परम्परा के संस्कार से प्रभावित व्यक्ति द्वारा हुई है।

कार्ल मार्क्स मेधावी, संवेदनशील और न्यायप्रिय स्वभाव के व्यक्ति थे। यूरोपीय इतिहास के दमन, उत्पीड़न, अत्याचार और तत्कालीन शोषण को देखकर, गहन अध्ययन द्वारा उन्होंने इनके कारणों और इससे मुक्ति का उपाय ढूँढ़ा। उन्होंने देखा कि समाज परस्पर विरोधी हित वाले वर्गों में बँटा रहता है। ये सदा संघर्षरत रहते हैं। शोषक वर्ग की विचारधारा जो रिलीजन–मजहब का रूप ले लेता है, शोषित वर्गों पर लादी जाती है। ये उसके अधीन जैसे नशे में डूबे रहते हैं और शोषित बने रहते हैं। इसलिए मार्क्स ने शोषित

वर्ग के लिए, नया दर्शन, द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद की रचना की। उसके अनुसार पुराने अंधविश्वासी मजहबी बंधनों से मुक्त और शोषित वर्ग को संगठित होकर शोषकों के विरुद्ध संघर्ष छेड़ देना चाहिए। राजसत्ता उनसे छीन कर, शोषित–मजदूर वर्ग का अधिनायकत्व स्थापित करना चाहिए। फिर पूँजी का समाजीकरण कर समाजवाद की स्थापना करनी चाहिए ताकि शोषण प्रथा का अन्त हो जाय। शोषण–विहीन एवं न्यायपूर्ण समाज की स्थापना, धर्म के राज्य की अवधारणा से अलग नहीं है। रिलीजन या मजहब के चाहे जो भी विचार हों, धर्म शोषण और अन्याय का समर्थक नहीं हो सकता। यदि वह कहीं है तो वह धर्म नहीं कोई सम्प्रदाय, मजहब या रिलीजन ही हो सकता है।

दुनिया में कुछ भी निरपेक्ष या पूर्ण नहीं है। मार्क्स के विचार के परिणाम और कारणों की समीक्षा भी की जानी चाहिए। मनुष्य अपनी परम्परओं के संस्कार से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। अन्यायपूर्ण मार–काट, लूट–पाट, हिंसा, विध्वंस, बलात्कार, अनाचार, अत्याचार की कथाओं से भरे यूरोपीय रिलजीनों के संस्कार से मार्क्स अछूते कैसे रह सकते थे!

इसलिए एक न्यायपूर्ण व्यवस्था की स्थापना का मार्ग भी उन्हें इससे भिन्न सूझ ही नहीं सकता था। परिणामस्वरूप मानवता को भयंकर रक्तपात और नरसंहार देखना पड़ा, न्याय के नाम पर। उन्माद में विवेक खो जाता है। औचित्य–अनौचित्य के भाव तिरोहित हो जाते हैं। मार्क्सवादी उन्माद ने एक नया वर्ग, नव शासक वर्ग पैदा कर डाला और समाजवाद के न्याय की अवधारणा को ही झुठला दिया। फलतः सत्तर वर्षों की समाजवादी जीवन पद्धति के अभ्यस्त लोगों ने उस व्यवस्था को ही उखाड़ फेंका।

काश! मार्क्स को प्राचीन आर्यों के अध्यात्म और धर्म की निकट की जानकारी होती तो वह महान न्यायी और संवेदनशील विचारक, मानवता को कुछ बहुमूल्य दे पाता। दुर्भाग्य यह कि उसने भारत को तब देखा जब सहस्राब्दियों से शामी परम्परा के आततायियों द्वारा कुचल कर भारतीय सांस्कृतिक धारा को नष्ट–भ्रष्ट कर उसे अधःपतन में पहुँचाया जा चुका था। आर्थिक क्षेत्र में भी उसे लूट कर दरिद्र बना दिया गया था। उसकी सामाजिक–आर्थिक व्यवस्था तहस–नहस की जा चुकी थी। उसकी फटेहाली तथा लूट के माल से सम्पन्न बने पश्चिम को देखकर यूरोपियन गर्वोन्नत थे और भारतीय पीढ़ी हताश। सहिष्णुता, अध्यात्म और धर्म की संस्कृति, बर्बरता, दमन और अत्याचार की संस्कृति से हार कर अपना बहुमूल्य लुटा चुकी थी। उसकी प्रदूषित अवस्था एवं विकृति में भी अभी बहुत कुछ बहुमूल्य था जिसे यूरोपियन मार्क्स की दृष्टि देख नहीं सकती थी क्योंकि उसे देखने परखने के लिए योगी अरविन्द की दृष्टि की आवश्यकता थी।

आज मार्क्सवादी भी इस्लाम और ईसाइयत की शामी परम्परा की संस्कृति में फँसकर भारत की बहुमूल्य सांस्कृतिक जीवन धारा को नष्ट–भ्रष्ट करने में जुट गये हैं।

इस्लाम और ईसाइयत भारत में हिन्दू धर्म को मिटा कर अपने–अपने मजहब को स्थापित करने की होड़ में जी जान से जुटे हुए हैं। इनका सिद्धांत, मौलिक चरित्र,

इनके जन्म काल से आजतक अन्य धर्मावलम्बियों के साथ व्यवहार, अन्य धार्मिक समाजों पर इसका प्रभाव, वर्तमान स्थिति एवं हिन्दू समाज पर निकट भविष्य में पड़ने वाले प्रभाव पर हल्की रोशनी डालने का प्रयास किया गया है। इसके साथ ही हिन्दू समाज की धार्मिक, पांथिक, जातीय, शैक्षणिक, राजनीतिक एवं सामाजिक स्थिति पर भी थोड़ा-थोड़ा प्रकाश डाला गया है।

हिन्दू समाज इस्लाम और ईसाइयत के विस्तारवादी चरित्र पर तबतक कोई असर नहीं डाल सकता जबतक कि वह उनके विषय में पूरी जानकारी प्राप्त न कर ले। पूरा हिन्दू समाज ही इस्लाम और ईसाइयत के विनाशकारी चरित्र से अनजान और असावधान बना हुआ है।

हम देखते हैं कि इतिहास का सुनियोजित विकृतिकरण किया जा रहा है। ऐसा करने वाले भी मानवता के हित में कुछ अच्छा ही सोचकर करते हैं। उनका विश्वास है कि अतीत में जो भी हुआ है उसकी उसी वीभत्स रूप की स्मृति से पीढ़ियों में कटुता का भाव बनता है, इसलिए उसमें कुछ परिवर्तन कर ऐसा लिखना ठीक होगा जिससे परस्पर सौहार्द्र बना रहे। पुनः वे सोचते हैं कि इतिहास के गौरवपूर्ण प्रसंगों को विकृत कर और लोगों का ध्यान उस आकर्षण से हटा कर नई समाज व्यवस्था को स्थापित करने की ओर मोड़ा जा सकता है जो शोषण विहीन एवं न्यायपूर्ण हो। ऐसा करते हुए वे इसकी अनदेखी करते हैं कि लोगों की स्वाभाविक इच्छा सत्य को उसके असली स्वरूप में ही जानने की होती है। इससे उन्हें वंचित करने का काम अपराध के समान है।

सत्य इतिहास का ज्ञान मनुष्य को भविष्य के मार्ग निर्धारण में मददगार होता है। बीते समय की घटनाओं से प्रकृति एवं समाज के क्रिया-कलापों की समीक्षा की जाती है। इनके निष्कर्षों से घटनाओं के घटित होने के कारणों की जानकारी प्राप्त होती है। इससे मानव-समाज या प्रकृति के संचालन के नियमों को ढूँढ कर भविष्य के जीवन को सुव्यवस्थित, सुसंस्कृत और सुखी बनाने में सहायता मिलती है। इसलिए जो लोग इतिहास लेखन को विकृत करते हैं वे मानवता के सुंदर भविष्य निर्माण के आधार को ही नष्ट कर देते हैं। गलत इतिहास से घटनाओं के घटित होने के कारणों को सही रूप में नहीं जाना जा सकेगा फलतः भविष्य की योजनाएँ निश्चित रूप से गलत होंगी। इसलिए गलत इतिहास लेखन मानवता के विरुद्ध किया जाने वाला अपराध है।

भारत के इतिहास का विकृतिकरण सुनियोजित रूप से किया जाता रहा है। पहले अंग्रेजों ने आर्यों को विदेशी आक्रमणकारी बताया ताकि वे भारत पर अपने आक्रमण और अधिकार को आर्यों के समतुल्य बता कर स्थाई बना सकें। उसके बाद इस्लामी बर्बर आक्रमणों और उसके सारे किया-कलापों को इस प्रकार सामान्य और हल्का कर इतिहास में शामिल किया गया कि लोग उसके असली कारणों और इस्लाम के चरित्र को समझ ही नहीं सके। वे नहीं जान सके कि मुस्लिम आक्रमणकारियों का उद्देश्य, अन्य संस्कृतियों को मिटा कर अरबी संस्कृति और साम्राज्य को स्थापित करना था। उनके सभी बर्बर कृत्य

इस्लाम के हुक्म के पालन में ही किये जाते थे। इतिहास की पुस्तकों में ईसाइयों द्वारा गोवा में इन्क्विजीशन की बर्बर और असभ्य कार्रवाइयों का स्पष्ट प्रकाशन नहीं किया गया। अंग्रेजी राज में ईसाई बर्बरता को छिपा कर उसके स्वरूप को उदार और सेवाभाव से युक्त बताया गया। इससे हिन्दुओं में ईसाइयत की सही जानकारी प्राप्त न हो सकी। यद्यपि ईसाई हेलुवाद की ओर मुड़कर प्राचीन बर्बरता से बहुत हद तक हटे हैं, तथापि उनमें अब भी धर्म की स्थापना की जगह सम्प्रदाय विस्तार की ही इच्छा प्रबल होती है और इस्लाम तो अब भी उसी राह पर चला जा रहा है।

हिन्दू अपनी धार्मिक सहिष्णुता की शिक्षा और संस्कारों के प्रभाव में आजतक इस्लाम और ईसाइयत के विनाशकारी चरित्र से अनभिज्ञ पागलों और मूर्खों जैसी हरकतें करते जा रहे हैं, जिसका परिणाम निकट भविष्य में ही उनके सर्वनाश के रूप में सामने आने वाला है। इस्लामी जेहाद में हिन्दुओं का कत्लेआम, उनकी चल सम्पत्ति की लूट और अचल सम्पत्ति पर अधिकार, उनकी महिलाओं का बलात्कार और अपहरण तथा बचे खुचे लोगों को गोमांस खिलाकर मुसलमान बनाने की कार्रवाई होने वाली है। उसके बाद शरीयत कानून लागू होगा। इस्लाम और ईसाई बहुल क्षेत्रों में देश का विखण्डन और हिन्दू समाज का अन्त होगा। एक हजार वर्ष से भी अधिक समय से यही हो रहा है।

लेकिन दुर्भाग्य है कि आज का हिन्दू, मैकाले शिक्षा नीति के अनुसार तैयार पाठ्यक्रमों, पाखंडी और मूर्खतापूर्ण धर्मनिरपेक्षता तथा मार्क्सवादी भटकाव और दिशाहीनता के कारण इस अति गम्भीर समस्या को देख सकने की दृष्टि खो चुका है। पूरा हिन्दू समाज ही इससे बेखबर, असावधान, असंगठित और शक्तिहीन बन कर सिर्फ स्वार्थ लिप्सा की पशु-वृत्ति और आपसी कलह में लिपटा हुआ है। यदि इस परिस्थिति को बदला नहीं गया तो हिन्दू समाज के दर्दनाक अंत को रोका न जा सकेगा। यह पुस्तक सोये हिन्दुओं का ध्यान उसके अस्तित्व की समस्या की ओर आकर्षित करने में कुछ भी उपयोगी हुई तो मेरे लिए संतोष की बात होगी।

– सच्चिदानन्द चतुर्वेदी

1. क्या हिन्दू मिट जायेंगे ?

एक अत्यन्त गम्भीर सवाल–अस्तित्व का सवाल–आज हिन्दू मानस में तीव्रता के साथ घूम रहा है। इस विषय में यथाक्रम और सांगोपांग अध्ययन करने वालों के चिन्तन के परिणाम एक भयानक प्रश्न खड़ा कर रहे हैं – क्या हिन्दू मिट जायेंगे ? हिन्दू अर्थात सनातनी, बौद्ध, जैन, सिक्ख, सरना आदि। क्या देश दारुल इस्लाम बन जायेगा जिसमें सिर्फ मुसलमान होंगे और थोड़े से दबे–कुचले, स्तरहीन, अपमानित जजिया देने वाले मिमियाते ईसाई ? क्या आज के ये लफ्फाजी और शेखी बघारने वाले राजनीतिज्ञ भयानक विस्फोटों के धुएँ में खो जायेंगे ? धर्म निरपेक्षता की डींग हाँकने वाले, भ्रष्टाचरण द्वारा जनता के धन की लूट से तिजोरियाँ भरने वाले, सत्ता लोलुप दृष्टिहीन और पतित नेताओं का अन्तिम हश्र यही होगा ? हिन्दू धर्म गुरुओं, महात्माओं, सन्तों, पुरोहितों आदि के रूप में हिन्दू समाज के कल्याणार्थ त्याग और समपण क साथ प्रवॉत्तिवाद के प्रचार की जगह आश्रमों में भौतिक जीवन का आनन्द उठाने वाले मस्जिदों में नमाज पढ़ायेंगे ? सेक्युलरिज्म के समर्थन में लम्बे लेख लिखने वाले और स्वयं को निष्पक्षता का प्रतीक दर्शाने वाले, अरब के पैगम्बर के यशोगान में अपनी लेखनी का कमाल दिखायेंगे ? वामपंथी विचारक, सांस्कृतिक और सैद्धांतिक संसार में त्रिशंकू की भूमिका निभाते निभाते अन्त में भौंचक्के होकर पुनः एक भयंकर भूल की स्वीकारोक्ति के बाद माथा धुन लेंगे? क्या कवियों, लेखकों और विचारकों के पुस्तकालयों से वैसी पुस्तकें निकाल बाहर फेंक दी जायेंगी जो इस्लामी ईमान पर असर डालती हैं ? क्या बुद्धिजीवियों की बुद्धि तभी खुलेगी जब बौद्धिक स्वच्छंदता का अंत हो जायेगा ? जीवन का नैसर्गिक एवं सर्वाधिक आह्लादकारी जन्म सिद्ध अधिकार स्वतंत्रता, मस्जिदों और बुर्कों में सिमट कर रह जायेगी ? क्या मूर्ति निर्माण की गहनतम शिल्पकला का लोप हो जायेगा ? धर्म के आवरण में लिपटी बर्बरता (लूट, कत्ल, अपहरण, बलात्कार) विजयी होकर ही रहेगी ? क्या लौकिक–पारलौकिक स्वार्थ में अंधा बना, आत्म केन्द्रित, सैद्धांतिक मदिरा के नशे में डूबा संपूर्ण हिन्दू समाज अपनी संवेदन हीनता का परिणाम भुगत कर ही रहेगा ?

इसका उत्तर निश्चित "हाँ" के रूप में दिखाई देने लगा है। तथ्य और विद्वानों की समीक्षा के परिणाम यही उत्तर देते हैं। मुजाहिदीन (मुस्लिम लड़ाके), मजहबी शिक्षा और संस्कार से प्रभावित पूरे समुदाय के समर्थन से, मजहब की संपूर्ण स्थापना हेतु, जेहाद (धर्मयुद्ध) में श्रद्धापूर्वक सम्मिलित होने की स्थिति में हैं, जिनको कुरान का आदेश है –

01. हे ईमान लाने वालों (मुसलमानों) ! उन काफिरों से लड़ो जो तुम्हारे आसपास हैं; और चाहिए कि ये तुममें सख्ती पायें। (कु0 9:123)

02. फिर जब हराम के महीने बीत जायँ तो मुश्रिकों (मूर्तिपूजकों) को जहाँ कहीं पाओ कत्ल करो, और पकड़ो और उन्हें घेरो और हर घात की जगह उनकी ताक में बैठो। फिर यदि वे तौबा कर लें, नमाज कायम करें, जकात दें तो

उनका मार्ग छोड़ दो। निःसंदेह अल्लाह बड़ा क्षमा और दया करने वाला है। (कु0 9:5)

03. हे ईमान लाने वालों ! मुश्रिक नापाक हैं। (कु0 9:28)

04. निःसंदेह काफिर तुम्हारे खुले दुश्मन हैं। (कु0 4:101)

05. हे ईमान लाने वालों ! ..... और काफिरों को अपना मित्र न बनाओ। अल्लाह से डरते रहो यदि तुम ईमान वाले हो। (कु0 5:57)

06. धिक्कारे हुए (गैर मुस्लिम) जहाँ कहीं पाये जायेंगे, पकड़े जायेंगे और कत्ल किये जायेंगे। (कु0 33:61)

07. अल्लाह ने तुमसे बहुत सी गनीमतों (लूट) का वादा किया है, जो तुम्हारे हाथ आयेगी। (कु0 48:20)

08. तो जो कुछ गनीमत (लूट) का माल तुमने हासिल किया है, उसे हलाल और पाक समझकर खाओ। (कु0 8:69)

09. हे नबी ! ईमान वालों को लड़ाई पर उभारो। यदि तुममें बीस जमें रहने वाले होंगे तो वे दो सौ पर प्रभुत्व प्राप्त करेंगे और यदि तुममें से एक सौ हों तो 1000 काफिरों पर भारी रहेंगे। क्योंकि वे वैसे लोग हैं जो समझ-बूझ नहीं रखते। (कु0 8:65)

10. हे ईमान लाने वालों ! तुम यहूदियों और ईसाइयों को मित्र न बनाओ। ये आपस में एक दूसरे के मित्र हैं और जो कोई उनमें से तुम्हें मित्र बनायेगा, वह उन्हीं में से होगा। निःसंदेह अल्लाह जुल्म करने वालों को मार्ग नहीं दिखाता। (कु0 5:51)

11. वे चाहते हैं कि जिस तरह से वे काफिर हुए हैं, उसी तरह से तुम भी काफिर हो जाओ, फिर तुम एक जैसे हो जाओ। तो उनमें से किसी को अपना साथी न बनाना जब तक कि वे अल्लाह की राह में हिजरत न करें, और यदि वे इससे फिर जावें तो उन्हें जहाँ कहीं पाओ पकड़ो और उनका बध (कत्ल) करो और उनमें से किसी को साथी और सहायक न बनाना। (कु0 4:89)

12 उन काफिरों से लड़ो। अल्लाह, तुम्हारे हाथों उन्हें यातना देगा और रुसबा करेगा और उनके मुकाबले में तुम्हारी सहायता करेगा और ईमान वालों के दिल ठंडे करेगा। (कु0 9:14)

इन्हीं शिक्षाओं और इनके प्रभाव से निर्मित संस्कारों के कारण चौदह सौ वर्षों से जेहाद (कत्ल, लूट, अपहरण, बलात्कार) का नंगा नाच मानवता झेलती आ रही है। भारत में सबसे पहले 712 ई0 में मुहम्मद बिन कासिम ने सिन्ध आक्रमण के पश्चात गवर्नर हज्जाज को भेजे अपने पत्र में जो लिखा था, उससे आक्रमण के मजहबी उद्देश्य का पता चलता है।

"राजा दाहिर, उसके भतीजे, उसके योद्धाओं और बड़े अधिकारियों को मार डाला गया है तथा काफिरों को या तो इस्लाम कबूल करवा दिया गया है या उनका वध करवा दिया गया है। मूर्तियों वाले मंदिरों के स्थान पर मस्जिदें और अन्य

इबादतगाह बना दिये गये हैं। खुत्बा पढ़ा जाता है, अजान दी जाती है, ताकि नमाज सही वक्त पर हो सके। सुबह–शाम तकवीर और अल्लाह–ओ–अकबर की तारीफ अता की जाती है।"

(डॉ0 अम्बेडकर द्वारा "पाकिस्तान ऑर पार्टिशन ऑफ इण्डिया" में टाइटस की पुस्तक "इण्डियन इस्लाम" से उद्धृत)

यह संदेश जिसके साथ राजा दाहिर का कटा सिर भी था, प्राप्त होने पर अपने सेनापति को यह उत्तर भेजा – खुदा का हुक्म है – "काफिरों को कोई पनाह (शरण) न दो, सिर्फ उनकी गर्दनें काटो। यह जान लो कि यह महान खुदा का हुक्म है....।" (संदर्भ–वही)

इसी मजहबी उन्माद के अन्तर्गत महमूद गजनबी ने 17 बार भारत को लूटा। लाखों लोगों का कत्ल किया, लाखों औरतों को गुलाम बना कर गजनी के बाजार में बेचा। उसके बाद मुहम्मद गोरी, तैमूर, ऐवक, बलवन, खिलजी आदि से होते हुए औरंगजेब और टीपू तक यही नरसंहार की विनाश लीला चलती रही। आधुनिक युग में कुख्यात मोपला नरसंहार हुआ जिसमें 5000 हिन्दू कत्ल कर दिये गये। अनगिनत, महिलाओं का बलात्कार और अपहरण हुआ। 20,000 हिन्दुओं का बलात् धर्म परिवर्तन हुआ।

आजादी की लड़ाई और देश विभाजन के समय मजहबी मानसिकता के कारण अनगिनत लोगों का कत्ल, अपार सम्पत्ति की लूट, औरतों का बलात्कार और अपहरण तथा बलपूर्वक धर्म परिवर्तन का नंगा नाच हुआ। चर्चिल के अनुसार सिर्फ माउन्टबेटेन के समय बीस लाख लोग मारे गये थे।

सदियों से चले आ रहे इसी अत्याचार की उपज आज के पाकिस्तान, बंगलादेश और भारत के 95 प्रतिशत मुसलमान हैं, जो अपने पूर्वजों पर ढाये गये अकथनीय यातनाओं को विस्मृत कर इस्लाम का दास बन चुके हैं। अब तो हिन्दुओं को अपना पूर्वज मानने में भी उन्हें शर्म आती है।

पैगम्बर की बुद्धि की विलक्षणता का कमाल की कहेंगे कि आज चौदह सौ वर्ष बाद भी वही लोग उनका झंडा उठाये रखने को विवश हैं जिनके पूर्वजों का असीम यातना पूर्वक अन्त किया गया। पी0 आर0 कुण्डू की पुस्तक "इम्पेरियलिस्ट कैरेक्टर ऑफ इस्लाम" में एक प्रसंग उद्धृत है। पैगम्बर से अपने मतभेदों को सुलझाने के लिए उनके चाचा अबू तालिब के पास मूर्तिपूजक कुरैश सरदार गये हुए थे। उस समय पैगम्बर ने कहा था – "मैंने इनके सामने ऐसा सिद्धांत रखा है, यदि ये इसे स्वीकार कर लें तो न सिर्फ अरब बल्कि पूरा संसार इनके पैरों के नीचे होगा।"

(तरज़मा–ए–कुरान मजीद, बँगला अनुवाद,सैयद अबुल आला मौदूदी पृष्ठ– 775)

उसी विलक्षणता का परिणाम है कि आजतक, अपने देश को हीन समझकर, अपनी संस्कृति से घृणा कर, अपनी जान और सम्पत्ति को दाँव पर लगाकर और दरिद्रता झेल कर दुनिया के करोड़ों मुसलमान अरब की महानता को स्वीकार कर नतमस्तक हैं।

वही कारण है जिससे पाकिस्तान के ब्रिगेडियर एस0 के0 मलिक, अपनी

पुस्तक "कुरानिक कन्सेप्ट ऑफ वार" में कहता है कि "पृथ्वी पर गैर मुस्लिमों द्वारा बनाया गया कोई कानून मुसलमानों पर लागू नहीं होता। कुरान का एक शब्द भी बदला नहीं जा सकता। इस प्रकार का प्रश्न उठाने की सजा मौत है।"

इसी मजहबी उन्माद से प्रेरित तथाकथित धर्मनिरपेक्षतावादी मौलाना अबुल कलाम आजाद तक ने यह उद्गार व्यक्त किया था– "एक बार मुस्लिम शासन के अधीन रह चुका भारत देश, पुनः इस्लाम के लिए अवश्य ही जीता जाना चाहिए।"

मजहबी मानसिकता और जेहादी कार्रवाई से ही इस्लाम का विस्तार होता रहा है। सदियों से काफिर हिन्दू इसी प्रकार मरते-कटते, लुटते–पिटते, बलात्कृत और अपमानित होते मुसलमान बनते आ रहे हैं। उनपर आई विपत्ति के प्रति हिन्दू समाज की प्रतिक्रिया आत्मघाती ही रही। उनके दुःख में साथ देने, उन्हें सांत्वना देने, उन्हें पोंछकर हृदय से लगाने और अपनाने की पहल करने के विपरीत उन्हें जाति बहिष्कृत, अछूत और तिरस्कृत ही किया गया। परिणाम स्वरूप उनके मन में संपूर्ण हिन्दू समाज के प्रति रोष और घृणा का भाव ही पैदा हुआ। कुछ तो इसके कारण, कुछ बाकी समुदाय को अपनी श्रेणी में लाने और कुछ मजहबी परम्पराओं में घुलमिल जाने के कारण पूरे देश को दारुल इस्लाम बनाने की उनकी आकांक्षाएँ उन्मादी ज्वार का रूप लेती नजर आ रही हैं।

वोट की ताकत से सत्ता पर अधिकार करने के लिए सुनियोजित ढंग से जनसंख्या वृद्धि की जा रही है। इसके लिए मजहब का ढाल इस्तेमाल हो रहा है। फिर पाकिस्तान और बंगलादेश से घुसपैठ करा कर जनसंख्या वृद्धि कराई जा रही है। हिन्दू समाज की अपनी कुरीतियों, तिलक–दहेज एवं खुलापन के चलते भारी संख्या में गैर मुस्लिम लड़कियाँ मुसलमानों के घरों में पहुँचती रहती हैं तथा थोड़ा बहुत धर्मान्तरण भी समय–समय पर हो ही जाता है। गणना के हिसाब से 25–30 वर्षों में ही सत्ता पर इस्लाम का कब्जा हो जायेगा। तब तक की मुस्लिम आबादी, उनके वोट देने की दर, हिन्दुओं के वोट देने की दर, उनका संगठित वोट और हिन्दुओं के वोट का बिखराव आदि पर ध्यान देने से यह स्पष्ट हो जायेगा। सभी दलों के मुस्लिम सांसदों को मिलाने से संसद में बहुमत जिस दिन होगा उसी दिन वे मिलकर सरकार बना लेंगे और शरीयत का कानून थोप देंगे। इस योजना में बिकाऊ हिन्दू सांसद सत्ता की साझेदारी के लोभ में एक दूसरे से आज की तरह ही होड़ लेते रहेंगे। "बन्दे मातरम्" के संसद में गायन के सवाल पर जो कुछ हुआ उससे स्थिति का आकलन सहज ही किया जा सकता है।

लेकिन रणनीति का यहीं अंत नहीं है। विदेशी धन से बड़े पैमाने पर मदरसों का निर्माण, जेहाद के लिए मुजाहिदीनों की ट्रेनिंग और अस्त्र–शस्त्रों के भंडारण से सेक्युलरिस्टों को छोड़ कर सभी अवगत हैं। तथ्य को प्रकट करने से बुद्धदेव भट्टाचार्य का मुँह बन्द भले ही कराया जा सकता है लेकिन उसे बदला तो नहीं जा सकता। "आई0एस0आई0 का आतंक" नामक अपनी पुस्तक में श्री राम नरेश प्र0 सिंह, वरिष्ठ अधिकारी, इन्टेलिजेन्स ब्यूरो, भारत सरकार (सेवा निवृत्त) द्वारा आई0एस0आई0 द्वारा जेहाद में सहयोग हेतु बिछाये गये जाल का विस्तार से वर्णन

किया गया है। जेहाद के विषय में फैलाये गये भ्रम को स्पष्ट करते हुए आतंकवादी संगठन जैश–ए–मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर ने कहा, "इस्लाम में जेहाद का एकमात्र मतलब है हत्या"।

(दैनिक जागरण, पटना, 8 दिसम्बर 2003)।

हत्या ही नहीं, ऊपर दिये गये कुरान के उद्धरणों में गैर मुसलमानों से मित्रता नहीं करने, सिर्फ अपना काम निकालने तक मित्रता करने, उन्हें शत्रु समझने, घेर कर उनकी हत्या करने और उनका धन लूटने का हुक्म तो है ही, उनकी औरतों से बलात्कार और व्यभिचार करने का भी हुक्म है, जो लूट के माल के रूप में उनसे छीन कर और कैद कर लाई जाती हैं, जैसा चौदह सौ वर्षों से होता आ रहा है।

" और जो अपनी शहबत की जगह (विषयेन्द्रिय) को काबू में रखते हैं, सिवाय अपनी जोरुओं और कैद की माल (यानी बांदियों) के कि (उनके पास जाने में) उन्हें कोई गुनाह नहीं।" (कुरान 70: 29, 30)

"और औरतें जो (किसी के) निकाह में हैं (वे भी तुम पर हराम हैं) सिवाय उनके जो (कैद हो कर) तुम्हारे अधिकार में आई हों । अल्लाह के ये हुक्म तुम पर फर्ज हैं।.....।" (कुरान 4:24)

आतंक के वातावरण में मुसलमान बनने और उसी शिक्षा, संस्कार और परम्परा के चलते रहने के कारण, गैर मुसलमानों के साथ, हत्या, लूट और व्यभिचार को, अनैतिक, नीच और घिनौना कर्म समझने की जगह, मुसलमान मजहबी फर्ज समझते हैं। हिन्दू मानस में सहज ही यह आशंका उत्पन्न होती है कि कश्मीर जैसे छोटे से इलाके में जब भारतीय सेना वहाँ के हिन्दुओं की रक्षा नहीं कर सकी, जो आज करोड़ों की सम्पत्ति और जवान बेटे–बेटियाँ खोकर शिविर में दिन काट रहे हैं; तब एक साथ पूरे भारत में जेहाद का बिगुल बजने पर पूरे देश के रक्त में डूब जाने के सिवाय और क्या शेष बचेगा ? देश विभाजन के समय के जेहादी अभियानों का हृदय बिदारक वर्णन न्यायमूर्ति गोपाल दास खोसला ने अपनी पुस्तक "स्टर्न रेकनिंग" में विस्तार से किया है। जन्म से आज तक के इस्लामी परम्परा पर नजर डालते ही भविष्य की भयानकता साफ झलकने लगती है। किसी समुदाय के अस्तित्व का सवाल उसके जीवन की सभी समस्याओं की तुलना में हजार गुना बड़ा है। हिन्दू समाज के लोग इस समस्या पर पर्दा डाल कर स्वयं को धोखा दिये चले जा रहे हैं। जब कोई समुदाय आत्म केन्द्रित, स्वार्थी, अज्ञानी और कायर बन जाता है तब मिट जाने का स्वयं ही मार्ग तैयार करता है। फिर भी जब वह किसी के लिए भी अहितकर और आघातकारी नहीं है, तब अपने विश्वास, पंथ, विचार, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के साथ जीने के उसके मानवीय अधिकार का दूसरा अपहरण क्यों करे! पर बर्बर सांस्कृतिक परम्परा में न्याय और नैतिकता का कोई मूल्य नहीं होता।

तथ्यों के आलोक में सरकारों, तथाकथित प्रगतिशील पत्रकारों, विचारकों, वामपंथियों और धर्म निरपेक्षतावादियों से यह अपेक्षा है कि वे मुस्लिम समुदाय से कहें कि वे यह फतवा जारी करें कि कुरान, हदीस, सीरत–अन–नबी आदि जिन्हें संयुक्त रूप में शरीयत कहते हैं, में गैर मुसलमानों के प्रति शत्रुता का जो हुक्म है उसे निरस्त

किया जाता है कि जेहाद में किसी गैर मुस्लिम का कत्ल या लूट या औरतों का अपहरण जैसा नीच कर्म वर्जित कर दिया गया है। यह फतवा जारी करना और उसके समर्थन में मुसलमानों के सभी संगठनों द्वारा घोषित करना कि इस्लाम को सिर्फ आत्म संयम और ईश अराधना तक ही सीमित कर दिया गया है और उसके साथ ही परिवार नियोजन के कार्यक्रम को अपनाना, क्या वे स्वीकार करेंगे ?

जाहिर है, यह असम्भव है। वे इस्लाम में संशोधन के लिए कभी तैयार नहीं हो सकते। रक्त रंजित जेहाद द्वारा देश को दारुल इस्लाम बनाने के अपने फर्ज से वे कभी विमुख नहीं हो सकते। यही तथ्य है। यही सच्चाई है।

तब क्या आपका यह फर्ज नहीं बनता है कि सोये हिन्दुओं को जगा कर कहें कि अब भी तो अहिंसा व्रत को त्यागो और आत्मरक्षार्थ जैसे को तैसा करने को तैयार हो जाओ। हर कस्बे, बस्तियों और मुहल्लों में संगठन बना कर आत्मशक्ति में वृद्धि करो। स्वार्थ के दलदल से निकल कर आत्मरक्षा की भावना से प्रेरित बनो। क्योंकि शान्ति के लिए शक्ति का संतुलन आवश्यक शर्त है। कश्मीर का दृश्य आँखों के सामने है और शासकों का घिनौना रूप भी। गाँधी की अहिन्सा की नौटंकी से मोपलों द्वारा किये गये नर संहार और देश विभाजन काल के समय बीस लाख लोगों के कत्लेआम को देखा जा चुका है।

सरकारों, पत्रकारों, वामपंथियों, सेक्युलरिस्टों से इन आशंकाओं का तथ्यपरक उत्तर चाहिए। सभी राजनीतिक दल इस विषय पर अपनी स्पष्ट नीति का प्रकाशन करें। इस समस्या की गम्भीरता के अनुरूप अपनी कार्यशैली में बदलाव लायें। धोखाधड़ी और क्षुद्र राजनीति से ऊपर उठ कर देशव्यापी चर्चा छेड़ें और स्थाई समाधान की व्यवस्था करें, चाहे वह कितना ही कठोर क्यों न हो। सभी दलों में यह अत्यन्त खतरनाक प्रवृत्ति बनी है कि वे समस्या को उभाड़ कर उसका स्थाई समाधान निकालने के विपरीत, तात्कालिक लाभ के लिए, उसको ढँकते और उससे बचते रहना चाहते हैं। अगर यही क्रम चलता रहा तो आगे इसका परिणाम बहुत भयंकर होगा। जेहाद द्वारा अर्थात हत्या, लूट, बलात्कार, अपहरण, विध्वंस द्वारा इस्लामी सत्ता स्थापित करने और सभी गैर मुसलमानों को मुसलमान बनाने के इस्लामी फर्ज को पूरा करने की विश्वव्यापी जो कट्टरता दिख रही है, उसे हल्के से नहीं लिया जाना चाहिए। उसका सबसे पहला शिकार भारत ही होने वाला है।

◆

2. हिन्दू के अस्तित्व का प्रश्न

एक समय था, जब हिन्दू समाज निश्चिंतता पूर्वक भारत भूखण्ड पर जीवन व्यतीत कर रहा था। अपनी संस्कृति और धर्म के चिन्तन के साथ परस्पर शास्त्रार्थ द्वारा जीवन के उत्कृष्टतम मार्ग की खोज में रत था कि मुस्लिम लुटेरी संस्कृति ने उसे धर दबोचा। एक पर एक सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक जीवन पर होने वाले आक्रमणों से वह हतप्रभ हो गया। उच्चतम मानव मूल्य बर्बरता के हाथों धूल धूसरित हो गये। हत्या, लूट, बलात्कार, अपहरण और बलात् धर्मान्तरण की ऐसी आँधी चली कि हिन्दुओं को सर उठाने का मौका ही नहीं मिला। नैतिक मानदण्ड बर्बरता के हाथों कुचल दिये गये। वह विध्वंसक तूफान तबतक जारी रहा जबतक कि अँग्रेजों ने बलपूर्वक सत्ता मुस्लिम आततायियों से छीन न ली।

किन्तु तब तक बहुत देर हो चुकी थी। लगभग एक तिहाई अपने ही भाई–बन्धु उस क्रूरता और आतंक के साये में पिस कर आक्रांताओं की जीवन पद्धति और विश्वास को अपनाने को विवश हो चुके थे। अपने पूर्वजों की संस्कृति और सम्मान पर गर्वित होने के बदले उनसे नफरत करने की नसीहत के आदी बन चुके थे। उनकी राष्ट्रीयता और राष्ट्र के प्रति भाव उलट चुके थे।

इसलिए अँग्रेजी पराधीनता से मुक्ति के लिए चलने वाले स्वतंत्रता संग्राम में सहयोग के बदले असहयोग करते हुए वे देश विभाजन के लिए अड़ गये। उनका तर्क था कि मुस्लिम एक अलग राष्ट्र हैं। हिन्दुओं के बीच उनका इस्लाम सुरक्षित नहीं रह सकेगा। उनके रीति–रिवाज और मजहब भिन्न हैं। उनके गौरव पुरुष और खलनायक परस्पर विरोधी रहे हैं। इसलिए हिन्दू और मुसलमान दोनों समुदायों का साथ रह कर शान्ति पूर्वक धर्म पालन करना संभव नहीं है।

समस्याओं की तथ्यपरक समीक्षा कर समुचित समाधान निकालने के विपरीत तत्कालीन हिन्दू नेता कल्पना लोक में विचरण कर रहे थे। वे हिन्दुओं को समझा रहे थे कि हिन्दू मुसलमान में कोई भेद नहीं है। दोनों ही भारतीय राष्ट्र के अंग हैं। गाँधीजी कह रहे थे, 'हिन्दुस्तान का बँटवारा मेरी लाश पर ही हो सकता है।' नेहरू जी कह रहे थे, 'पाकिस्तान एक वाहियात सपना है।' राजेन्द्र बाबू ने अपनी पुस्तक "इंडिया डिवाइडेड" में लिखा, "पाकिस्तान असम्भव है।" लेकिन इन्हीं नेताओं ने बँटवारा को स्वीकारा भी। शान्ति और अहिंसा का घूँट पिला कर हिन्दुओं को निहत्था और कायर बनाया। उसके बाद भारत का गवर्नर जेनरल माउंटबेटन को ही रहने दिया किन्तु पाकिस्तान का गवर्नर जेनरल जिन्ना को स्वीकार कर लिया। परिणामस्वरूप पाकिस्तानी पुलिस, सेना और दंगाइयों के संयुक्त जेहादी अभियान में लाखों हिन्दू कत्ल कर दिये गये। हिन्दुओं की अपार सम्पत्ति छीन ली गयी। असंख्य महिलाओं का बलात्कार और अपहरण हुआ तथा वहाँ रह गये सभी हिन्दुओं का बलात् धर्मान्तरण हुआ। पाकिस्तान में यह काम मात्र तीन महीने में पूरा हो गया था। बँगलादेश में अभी यह प्रक्रिया जोर-शोर से चल रही है। बँगलादेशी पत्रकार सलाम आजाद ने अपनी

पुस्तक "एट्रोसिटिज ऑन दि मिनोरिटीज इन बँगलादेश" में इसका वर्णन जीवंत रूप में किया है।

किन्तु दूसरी ओर भारतीय क्षेत्र में रहने वाले मुसलमान इन हिन्दू नेताओं की वज्र मूर्खता और वोट बैंक की क्षुद्र स्वार्थपरता के कारण, भारत में ही रह गये। यहाँ रहकर इन्होंने सभी प्रकार की राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त की। अल्पसंख्यक के नाम पर इन्हें विशेषाधिकार दिया गया। अपना शिक्षण संस्थान चलाने और अपने धर्म के प्रचार प्रसार की पूरी छूट दी गयी। किन्तु हिन्दुओं को इससे वंचित रखा गया। हिन्दुओं के धर्मस्थलों से प्राप्त आमदनी तो सरकार की होने लगी, किन्तु अल्पसंख्यकों को अपने धर्मस्थान से प्राप्त आमदनी के इस्तेमाल की न सिर्फ छूट दी गई वरन् शिक्षा और मजहबी कार्य के लिए आर्थिक सहायता भी दी गई। गाँधी और नेहरू ने मुस्लिम आबादी को भारत में ही रोक लिया और फिर उनकी तुष्टिकरण की नीति को जारी रखा। धीरे धीरे रियायतों पर रियायतें लेते हुए इन्होंने अपना पाँव पसारना शुरू किया। जनसंख्या विस्तार की योजनाबद्ध कार्रवाई शुरू की गई। पहले बार–बार दंगों द्वारा रणनीति बस्तियों का विस्तार किया गया, जिसमें जेहाद की सुविधाओं का अबाध विस्तार हो सके तथा कानून विरुद्ध कार्रवाई चलती रहे। अब, जबकि मुस्लिम आबादी शांतिप्रिय हिन्दुओं पर भारी पड़ने लगी है और इन सब विध्वंसक परिस्थितियों से बेखबर सोये हुए हिन्दू समाज में सुगबुगाहट दिखने लगी है तब बड़ी बुद्धिमानी से जेहादी रणनीति में परिवर्तन कर दिया गया है।

मजहब की आड़ में परिवार नियोजन से इंकार कर चुपचाप जनसंख्या विस्तार को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। अब, जबकि हिन्दू समाज में परिवार की संख्या सीमित रखने का प्रचलन आम हो गया है, एकमात्र परिवार नियोजन से ही इंकार कर, अधिक से अधिक औरतों से शादी और बेहिसाब बच्चे पैदा करने की नीति आसानी से जनसंख्या अनुपात में निर्णायक असर करने में कारगर हो रही है। आज यदि किसी बस्ती में बीस घर हिन्दुओं का और एक घर मुसलमान का है तो बीस वर्ष बाद हिन्दुओं के बीस घरों की जो जनसंख्या होगी वही उस एक घर की होगी।

इसके अलावा बँगलादेश और पाकिस्तान से भारी संख्या में मुसलमान भारत में प्रवेश कर रहे हैं। वोट के माध्यम से ही मात्र पच्चीस–तीस वर्षों में सत्ता मुस्लिम हाथ में पहुंचने वाली है। तब गैर मुसलमानों को पुलिस प्रशासन और सेना की मदद से निहत्था बनाया जायेगा। ढूँढ-ढूँढ कर उनके हथियार छीन लिए जायेंगे। उसके बाद शुरू होगा, बर्बर जेहाद, हिन्दू जनसंख्या की समाप्ति, उनकी सम्पत्ति की लूट, औरतों–बच्चों का अपहरण तथा संपूर्ण समाज का इस्लामीकरण। तब इस देश को दारुल इस्लाम बना जायेगा। संविधान की जगह शरीयत कानून लागू होगा। लोकतंत्र समाप्त हो जायेगा। धर्मनिरपेक्षतावादी और मार्क्सवादी नौटंकी सदा के लिए बंद हो जायेगी।

इस्लामी राज्य में गैर–मुसलमानों के लिए कैसा जीवन होता है, शेख हमदानी कृत "जरीरात ए अलमुल्क" के अनुसार खलीफा उमर ने जो तय किया था, इस प्रकार है:–1. वे नये मंदिर या पूजागृह नहीं बनायेंगे, 2. वे पराने पजागहों की

मरम्मत नहीं करेंगे, 3. उनके पूजागृहों में मुस्लिमों के ठहरने पर कोई रोक नहीं होगी, 4. वे अपने पूजागृहों में घंटे नहीं बजायेंगे, 5. वे तीन दिन तक किसी मुसलमान को अपने घर में रहने देंगे तथा इस काल में उसके द्वारा किए गये किसी भी काम को पाप नहीं माना जायेगा, 6. वे अपने धर्म का प्रचार न करें, 7. वे अपने बच्चों को कुरान न पढ़ायें 8. वे अपने भाई को मुस्लिम बनने से न रोकें, 9. वे मुसलमानों जैसा नाम न रखें और न उन जैसे कपड़े पहनें, 10. वे काठी और लगाम वाले घोड़े पर न चढें, 11. वे अस्त्र–शस्त्र न रखें, 12. वे शराब न बेचें, 13. वे अँगूठी न पहनें, 14. वे अपने मृतकों के शव मुसलमानों के कब्रिस्तानों के निकट न लावें, 15. वे मुसलमानों के आने पर सम्मान के साथ खड़े हो जायँ और जबतक बैठने की आज्ञा न मिले, खड़े रहें, 16. वे किसी मुसलमान को नौकर न रखें, 17. वे पुराने लिबास न छोड़ें, 18. वे अपने मृतकों के लिए ऊँची आवाज में शोक न करें, 19. वे गुप्तचर का कार्य न करें, 20. वे अपनी सभाओं में मुसलमानों को आने से न रोकें, 21. वे अरबी भाषा बोलें। यदि गैर–मुस्लिम इनमें से किसी भी शर्त को तोड़ेंगे तो उनकी जान और माल पर मुसलमानों का अधिकार होगा। यह संहिता अल्लाह के हुक्म के अनुसार पहले घोषित उस सामान्य नियम के अलावा है, जिसमें कहा गया है कि "काफिर की हत्या के लिए किसी मुसलमान को दण्डित नहीं किया जा सकता है।"

आधुनिक काल में इस्लामी राज्य में गैर–मुस्लिमों के साथ जो व्यवहार होता है उसे बँगलादेश और पाकिस्तान के हिन्दुओं पर जो गुजरा है उससे अच्छी तरह जाना जा सकता है। वास्तव में मुसलमान अपने मजहबी दायित्वों के कारण ही अपने देश को दारुल इस्लाम में बदलने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। जब पाकिस्तान के विभाजन का ऐलान हुआ था तभी उत्साही मुस्लिम नौजवान विजयोल्लास में नाचते–गाते हुए नारा लगा रहे थे, "हँस के लिया है पाकिस्तान, लड़ के लेंगे हिन्दुस्तान"। जब तक देश दारुल इस्लाम नहीं हो जाता है मुसलमानों की राष्ट्रीयता किसी अन्य मुस्लिम देश के साथ जुड़ी रहती है। यही कारण है कि भारत–पाकिस्तान मैचों के समय मुसलमानों की सहानुभूति और उत्साह पाकिस्तानी खिलाड़ियों के पक्ष में होती है। गोधरा जैसा जघन्य काण्ड, अक्षरधाम मंदिर में निर्दोषों की हत्या, कश्मीर में निर्दोष हिन्दुओं–सिक्खों का संहार होता है, किन्तु मुसलमान उसके विरुद्ध कभी प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं करते हैं।

इन सब परिस्थितियों पर पूरे हिन्दू समाज के विभिन्न वर्गों की वैसी ही प्रतिक्रिया होती है, बल्कि उससे भी मूर्खतापूर्ण और नीचतापूर्ण जैसी आजादी के पूर्व होती थी। उससे क्षुब्ध होकर डा0 अम्बेडकर ने बड़ी ही मार्मिक प्रतिक्रिया व्यक्त की थी, "मैं अनुभव करता हूँ कि जो हिन्दू जन अपने बान्धवों के भाग्यों का पथ प्रदर्शन कर रहे हैं ,उनकी देखने में सक्षम आँख (कार्लाइल के शब्द प्रयोगानुसार) लुप्त हो गई है और वे कुछ खोखले भ्रमजालों की चमक ओढ़े घूम रहे हैं जिनके परिणाम, मुझे भय है, हिन्दुओं के लिए घातक होंगे। हिन्दू पक्ष की ओर से ऐसी बातें सुन कर आश्चर्य होता है। पता नहीं हिन्दू बुद्धि इतनी मंद और शिथिल कैसे हो गई।"

गाँधी और नेहरू के पथ प्रदर्शन में हिन्दू समुदाय को जिस भयंकर संहार

को झेलना पड़ा वह देखने में इनकी सक्षम आँख के लुप्त होने और खोखले भ्रम जालों की चमक ओढ़े घूमने की डा0 अम्बेडकर की आशंका को शत प्रतिशत सही सिद्ध कर चुका है। स्वयं को संत–महात्मा, शान्ति का पुजारी और महान नेता कहलाने की लिप्सा से इनमें तथ्यों की स्पष्ट समझ और तद्नुरूप कार्रवाई की योग्यता नष्ट हो गई थी। परिणाम स्वरूप बीस लाख हिन्दू छेक छेक कर भेड़ बकरियों की तरह काट डाले गये, उनकी अपार सम्पत्ति छीन ली गई, अनगिनत महिलाओं का बलात्कार और अपहरण हुआ तथा बेहिसाब लोगों का बलात् धर्मान्तरण हुआ।

डा0 अम्बेडकर की टिप्पणियाँ आज के संदर्भ में भी ज्यों–की–त्यों प्रासंगिक बनी हुई हैं।भारत को दारुल इस्लाम बनाने की परिस्थिति जैसे–जैसे निकट होती जा रही है, सारा मुस्लिम समुदाय तीव्र जोश में रणनीतिक कौशल के प्रति जागृत होता जा रहा है। काश (डा0 अम्बेडकर के दृष्टिकोणानुसार) हिन्दू राजनीतिज्ञों, धर्मगुरुओं और बुद्धिजीवियों की मंद और शिथिल बुद्धि इसे देख पाती। मजहबी मान्यताओं के कारण देश को दारुल इस्लाम बनाना मुसलमानों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण इस्लामी फर्ज है। इसके लिए प्रत्येक मुसलमान को जेहाद में भाग लेना जरुरी है। जेहाद का अर्थ है एक तरफा आक्रमण द्वारा काफिरों (गैर मुसलमानों) का कत्ल करना, उनका धन लूटना या बलपूर्वक उसपर अधिकार करना, उनकी जवान औरतों का बलात्कार या अपहरण करना, उनको बीवियाँ या लौंडिया बना कर रख लेना तथा बच्चों सहित सभी लोगों को मुसलमान बना देना। इस्लाम के जन्म के कुछ समय बाद ही मदीना से इसी प्रकार मुसलमान बनाने के तरीका की शुरुआत हुई थी, जो चौदह सौ वर्षों से लगातार उसी रास्ते से चल कर यहाँ तक पहुँचा है। पिछली सदी में मालावार में मोपला उपद्रव और देश विभाजन के समय, बंगाल और पंजाब में वही सब दुहराया गया था। देश भर में गदर के नाम से होने वाले हिन्दू–मुस्लिम दंगे मुसलमानों द्वारा पायोजित जेहाद ही होते थे जो किसी न किसी रूप में आज तक जारी हैं। जम्मू कश्मीर में जो हो रहा है, जेहाद ही है। हाँ, बीच में भय और आतंक से त्रसित होकर प्राण रक्षा हेतु कुछ लोग इस्लाम स्वीकार करते रहे हैं, जिसे मुसलमानों द्वारा स्वेच्छा से इस्लाम स्वीकार करना, कहा जाता है। मक्का और मदीना के शुरुआती दिनों को छोड़ कर बाद के लोग लूट के माल और लूट की औरतों के लोभ में मुहम्मद के दल में शामिल हुए थे। दुनिया भर के सभी मुसलमान कभी न कभी इसी प्रकार की यातना, अपमान और उत्पीड़न झेल कर मुसलमान बने हैं। आतंक और भय के साथ में चले संस्कारों के कारण मजहबी कट्टरता, मानसिक दासता और बुद्धि नियंत्रण द्वारा इस्लाम, उन्हीं के वंशजों द्वारा, उसी तरीके से शेष लोगों को मुसलमान बनाने में जुटा हुआ है।

मानव स्वभाव की विशेषता है कि उत्पीड़न, अपमान और दासता को झेलने के बाद उसका स्वाभिमान गिर जाता है और वह हीन भावना का शिकार बन जाता है। उस अवस्था से उबरने के लिए उसमें, बाकी समुदाय को भी, जो अभी तक स्वाभिमान पूर्वक जीवन जी रहा होता है, नीचे गिरा कर अपने स्तर पर लाने की इच्छा उपजती है। इसको समानता के बोध से स्तरीय गिरावट की भावना समाप्त हो जाती

है। इन्हीं उत्पीड़ित लोगों से इस्लाम विस्तार की योजना को पूरा कराना होता है। इसलिए धर्मान्तरण के पश्चात इनके मनोबल को उठाने के लिए धन और युवतियों के भोग की स्वाभाविक तृष्णा को उभाड़ा जाता है ताकि इस्लामी विस्तार के लिए इन्हें जेहाद में लगाया जा सके। काफिरों के धन की लूट और उनकी हत्या को अल्लाह का हुक्म बताया जाता है। उनके मन में मजहबी शिक्षा द्वारा बचपन से ही आक्रान्ताओं का वंशज होने का भाव भर दिया जाता है। भारत के मुसलमान ऐतिहासिक सच्चाई जानते हुए भी अपने को हिन्दुओं का वंशज न कहकर, अरबी, तुर्क, इरानी, इराकी, या अफगानी का वंशज कहते हैं।

जेहाद की व्यापक कार्रवाई, पर्याप्त साधन और शक्ति संचय के बाद, अनुकूल परिस्थिति देख कर ही की जाती है। तबतक उनकी रणनीति काफिरों के साथ घुल मिल कर रहने और शक्ति संचय करते रहने की होती है जबतक कि वे उन्हें कुचल डालने की स्थिति में न हो जायँ। इसलिए काफिरों (गैर मुसलमानों) के सभी क्रिया कलापों में, सभी राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों में, उनके प्रत्येक उत्सवों में, उनके काम की जगहों, उनके आवास, उनकी सेवा से संबंधित कार्यों में शामिल रह कर शक्ति संचय करते रहने का उन्हें निर्देश है। जब शक्ति पर्याप्त हो जाय तब काफिरों पर आक्रमण कर जेहाद करने और इस्लामी झंडा गाड़ देने का हुक्म है। मुसलमानों के लिए जेहाद में शामिल होना और काफिरों को नष्ट करने के लिए जेहाद को किसी न किसी रूप में अनवरत जारी रखना फर्ज है। पैगम्बर ने बराबर चलने वाली इस लड़ाई में धोखाबाजी को मुसलमानों के लिए अनुकरणीय विधान बना दिया है। पूरे भारत के इस्लामी करण के लिए, भारत भर में इस्लामी जेहाद की जोरदार तैयारी चल रही है। मजहब के नाम पर सुनियोजित जनसंख्यावृद्धि, मदरसों में मुजाहिदीनों का शिक्षण और प्रशिक्षण तथा विदेशी धन और मदद से हथियारों का संग्रह चल रहा है। इधर हिन्दू समाज को देखने से लगता है कि मूर्खों, मतवालों और शराबियों की जमात है जो अपने आप में मगन है। अतीत में क्या हो चुका है, आज क्या हो रहा है, आगे क्या होने वाला है और यह सब क्यों ? इसकी न कोई समझ है और न चिन्ता। वह सिर्फ जीविका की मात्र पशु वृत्ति तक सिमटा हुआ है।

हिन्दू समाज को विनाश की परिस्थिति के निकट तक पहुँचाने वाले जिम्मेवार लोगों में सबसे पहले हम धर्मगुरुओं की बात करते हैं। किसी समुदाय के मार्ग दर्शक धर्मगुरू, ज्ञानी, विद्वान और त्यागी लोग होते हैं, जिनका जीवन ही समुदाय के हित के लिए समर्पित होता है। वे सन्मार्ग की खोज और उसकी शिक्षा के प्रचार-प्रसार द्वारा समुदाय को जीवंत, वीर, ज्ञानी, स्वस्थ, सुसंस्कृत और हर प्रकार से विकसित होने में मार्ग दर्शन करते हैं। किन्तु हिन्दू समुदाय के धर्मगुरू आत्म केन्द्रित हो कर समुदाय के सम्पूर्ण हितों की चिन्ता से दूर, सिर्फ आत्म साधना और आध्यात्मिक ज्ञान तक सिमटे रहते हैं। ज्योतिषी, पुरोहित, कथा–वाचक, पंडित, उपदेशक, कर्म–कांडी आदि पूरे समाज को पाखण्ड, अंधविश्वास, निरर्थक कर्मकांड और पौराणिक कथाओं के जाल में उलझा कर भ्रमित करते रहते हैं। कुछ संत–महात्मा के

वेश में झूठे चमत्कार दिखा कर लोगों को प्रभावित करते हैं और फिर उनका आर्थिक शोषण कर मठों–आश्रमों में भौतिक भोग का आनन्द उठाते हैं।

हिन्दू समाज में कौन-कौन सी बुराइयाँ पनप रही हैं या पहले से ही समाज में व्याप्त हो कर उसे कमजोर कर रही हैं, उनमें कौन-कौन सुधार आवश्यक हैं, उन्हें कैसे दूर किया जाय, आदि विषय से जैसे इनको कुछ भी लेना-देना नहीं है। हिन्दू समाज में सती–प्रथा, बाल–विवाह, विधवा–उत्पीड़न, दासी–प्रथा आदि निकृष्टतम प्रथाएँ चलती रहीं, अंध विश्वास और पाखण्डपूर्ण कर्मकाण्डों का जाल फैला रहा, किन्तु इन लोगों ने उनके उन्मूलन हेतु कोई प्रयास नहीं किया; बल्कि उन कुरीतियों के बने रहने में ही मददगार बने रहे। बार-बार मुस्लिम आक्रमणों में हिन्दुओं के कत्लेआम के बाद धर्मान्तरण का काम होता रहा, लेकिन कभी प्रयास नहीं किया गया कि हिन्दुओं को एकजुट कर शत्रुओं पर टूट पड़ने के लिए प्रेरित किया जाय। मुसलमान बने लोगों को पुनः शुद्धिकरण द्वारा अपने धर्म में शामिल करने के विपरीत, छोटी-छोटी बातों और कारणों का हवाला दे कर उन्हें धर्म बहिष्कृत करते रहे, अपमानित करते रहे और अछूत बनाते रहे। आज समाज में जाति–प्रथा और ऊँच-नीच का भेदभाव समाज को आपस में बाँटे हुए है। छुआछूत जैसी शर्मनाक और घृणित प्रथा अभी मौजूद है। उचित सम्मान के अभाव और भेद भाव के चलते दलित वर्ग ईसाई हो रहा है। सारे धर्मगुरू भौतिक भोग का आनन्द उठा रहे हैं। इनका कर्तव्य था कि हिन्दू समाज के पतन के कारणों को खोज कर गाँव–गाँव, घर–घर जा कर उसे मिटाने के लिए प्रचार करते। दलित वर्ग के साथ सहभोज का आयोजन करते, जाति प्रथा और ऊँच-नीच के विरुद्ध उपदेश देते। अपने धर्मान्तरित बन्धुओं को शुद्धिकरण द्वारा अंगीकार करने की प्रेरणा देते। दहेज प्रथा के विरुद्ध अभियान चलाते। लेकिन इन सब का कहीं नाम भी नहीं होता है। प्राचीन कालीन कथाओं तक उपदेशों को बाँध कर रखने से ही हिन्दू समाज में नव चेतना जागृत न हो सकी।

किसी कथा या उपदेश में यह नहीं सुनने में आता है कि 712 ई0 में मुस्लिम आक्रमण का जो दौर शुरू हुआ, उसमें किस प्रकार के अत्याचार हुए, किस प्रकार मूर्तियों को तोड़ा गया, मंदिरों को ध्वस्त किया गया, मर्दों का कत्लेआम कर उनके सिरों के मीनार बनाये गये और औरतों का शील भंग हुआ। हमें कैसे धर्मान्तरित किया गया ! हम क्यों हारते रहे ! हमने अपने पराजित भाइयों से क्या व्यवहार किया! हममें क्या कमी थी! आज की क्या परिस्थिति है ! हमारी जनसंख्या रोज क्यों घट रही है ! निकट भविष्य में इसका समाज पर क्या प्रभाव पड़ने वाला है ! हमें मुसीबत से उबरने, हिन्दू समाज के विकास एवं सुसंस्कृति सृजन के लिए क्या करना चाहिए, आदि बातों से हमारे धर्म गुरुओं और उपदेशकों को जैसे कुछ लेना-देना ही न हो ! इसे निश्चित रूप से समझना चाहिए कि हमारे धर्माचार्यों का पतन ही हमारे समुदाय के पतन का कारण हुआ है।

सत्तासीन राजनीतिज्ञ, जिन पर समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के कल्याण एवं सुरक्षा की जिम्मेवारी होती है, आश्चर्य जनक रूप से गैर जिम्मेवार हैं। सभी

जानते हैं कि इस्लामी शरीयत के अनुपालन में समर्पित, मुसलमान समुदाय ने दारुल इस्लाम की स्थापना के लिए ही देश का विभाजन कराया और पाकिस्तान बना। यह मालूम है कि उनका असली उद्देश्य संपूर्ण भारत के इस्लामीकरण का है, जिसे अनेक मुस्लिम विद्वानों और राजनीतिज्ञों ने स्पष्टता से समय समय पर व्यक्त किया है। एफ0 के0 दुर्रानी ने अपनी पुस्तक "मीनिंग ऑफ पाकिस्तान" में इसका इस प्रकार जिक्र किया है,"पाकिस्तान का निर्माण इसलिए महत्वपूर्ण था कि इसे शिविर बनाकर शेष भारत का इस्लामी करण किया जाय।"

इस्लामीकरण का मजहबी तरीका जेहाद ही है, जिसका ऊपर वर्णन किया जा चुका है। निर्दोषों की हत्या, उनकी सम्पत्ति की लूट और बलात् दखल, औरतों का बलात्कार और अपहरण तथा बलपूर्वक धर्मान्तरण। ये कर्म दुनिया के किसी भी सभ्य, नैतिक, मर्यादित, न्यायप्रिय और सुसंस्कृत समाज में सबसे घिनौना, नीच और पापी कृत्य समझे जाते हैं, लेकिन इस्लाम में पुण्य के काम या 'नेक' काम। काफिरों (गैर–मुसलमानों) के साथ ऐसा करने वालों को अल्लाह जन्नत देता है, जिसका कुरान एवं हदीस में स्पष्ट आदेश है और चौदह सौ वर्षों का इस्लामी इतिहास जिसका सत्यापन करता है।

".....और जो कदम वह ऐसे चलते हैं कि काफिरों को (उनसे) गुस्सा आये या दुश्मनों से (माले गनीमत के तौर पर) कुछ चीज छीनते हैं, तो हर काम के बदले इनका नेक अमल लिखा जाता है। (बेशक) अल्लाह नेककारों का अज्र (प्रतिफल) अकारथ नहीं होने देता।" (कु09:120)

ये सब कोई छिपी हुई या गूढ़ बातें नहीं, वरन् अत्यंत स्पष्टता से घोषित तथ्य हैं। सामान्य मामलों में, हत्या;लूट जैसे आपराधिक कार्य करने वाले, यदि योजना बनाते पकड़े जाते हैं, तो पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करती है। लेकिन घोषित तौर पर यही करने वाले जब मजहब के नाम पर करते हैं तो सत्तासीन लोग आफतार पार्टी दे कर उनका मनोबल बढ़ाते हैं। उनके वे काम जिनसे काफिरों को गुस्सा आये या काफिरों को लूटा जाये, नेक काम हैं। तब राजनीतिज्ञ महोदय, तथाकथित प्रगतिशीलता और धर्मनिरपेक्षता की नौटंकी करने वाले महोदय, कृपया बतावें कि उनका क्या करेंगे जिनके पुत्रों का कत्ल, सम्पत्ति की लूट और बेटियों–बहुओं का बलात्कार, अपहरण और निकाह कातिलों से होगा ? जैसा मुस्लिम आक्रमण के आरम्भ से होता आ रहा है ? जैसा आधुनिक काल में, मोपलों का जेहाद, पंजाब और बंगाल में देश विभाजन के समय जेहाद, अभी-अभी कश्मीर में जो पूरा होने जा रहा है और विस्फोटों द्वारा पूरे देश में जगह-जगह हिन्दुओं के चिथड़े उड़ाए जा रहे हैं ? अपराध जिसका नेक काम है, उसको अपराध की स्वतंत्रता और भुक्तभोगी को भुगतने की स्वतंत्रता यही न आपकी धर्मनिरपेक्षता है!

कुछ लोग कर्मकांडी, पंडित, तांत्रिक, ज्योतिषी आदि के रूप में विशुद्ध व्यवसाई हैं। इनमें ही अधिकतर व्यापक रूप से लोगों में भ्रान्तियाँ फैलाने, अंधविश्वास की जड़ें जमाने और चमत्कार का दिलासा देकर ठगी का काम करते रहते हैं। इनके प्रति समाज में तरह–तरह की धारणाएँ हैं। इनके कार्यों में कुछ लोग विश्वास करते हैं और इनके व्यवसाय में सहायक बनते हैं, जबकि कुछ लोग इनमें विश्वास नहीं करते हैं। इन सभी प्रकार के आध्यात्मिक पुरुषों में तरह–तरह के चमत्कार दिखाने वाले लोग हैं। जिनमें कुछ का तो अत्यन्त ही उपयोगी महत्व है। जैसे मैं व्यक्तिगत रूप से जानता हूँ। यू0पी0 के गाजीपुर जिला में एक गाँव है बिरनो। वहाँ के रहने वाले एक व्यक्ति थे सूबा सिंह। मैं बचपन में ईश्वर भक्ति की अन्तर्प्रेरणा से घर छोड़ कर हरिद्वार चला गया था। घर के लोग बहुत बेचैन और दुःखी थे। किसी से सूबा सिंह की विशेषता सुन कर, लोग उनसे पूछने गये। जब मैं वापस आया तो मुझे पता चला कि सूबा सिंह ने ऐसा बताया था। सुनकर आश्चर्य हुआ कि सब कुछ बिल्कुल सही बतलाया था। आजीवन सूबा सिंह यह काम करते रहे। पता नहीं उनमें यह शक्ति कैसे आई। वे आध्यात्मिक व्यक्ति भी नहीं थे। कोई साधना भी नहीं करते थे।

एक अत्यन्त विश्वसनीय व्यक्ति से यह जानकारी मिली कि एक महात्मा ने उनके यहाँ घटने वाली एक मृत्यु की घटना की अस्पष्ट पूर्व सूचना उन्हें दे दी थी। कह रहे थे कि उसके बाद उनके मन में महात्मा जी के प्रति अपार श्रद्धा उत्पन्न हुई। वे एक पहुँचे हुए महात्मा थे, जिनमें महान ईश्वरीय गुण थे। कुछ लोग दूसरे प्रकार के चमत्मकार दिखाते हैं। जैसे – एक व्यक्ति ने अपनी धोती के अंदर हाथ डाला और नारियल का फल निकाल लिया। उसे फोड़कर दिया। हम लोगों ने भी खाया। एक आदमी बता रहे थे कि एक व्यक्ति ऐसे ही चमत्कारी पुरुष थे। उनको रुपया दिया। जिस दुकान से कहा था उसी दुकान से ताजा मिठाई रसीद सहित आ गयी। आते किसी ने नहीं देखा पर उन्होंने अपने झोले में से निकाल दिया। इसमें सन्देह जैसी कोई बात नहीं थी।

ये सब चमत्कारी कार्य हैं। इनके विषय में जान कर किसी व्यक्ति का दिमाग अवश्य ही भ्रमित हो जायेगा। जबकि इसकी कोई स्पष्ट भौतिक या वैज्ञानिक

व्याख्या अभी तक नहीं की जा रही है तो स्वाभाविक ही है कि आदमी अपने विश्वासों, संस्कारों और शिक्षा के अनुरूप अलग–अलग व्याख्या करे।

अब आगे विचार किया जाय कि इन विषयों में अभी तक जो भी जानकारी प्राप्त हुई है वह क्या है। इनमें कुछ क्रियाओं को परामनोविज्ञान के क्षेत्र में रखा जाता है। इनके विषय में अब तक बहुत अध्ययन हुआ है। अनेक बार बच्चों द्वारा अपने पुनर्जन्म के रहस्योद्घाटन का पता चलता है। यह भी परामनोविज्ञान के क्षेत्र में ही आता है। बहुत तरह के कार्य या घटनाओं का प्रकाशन होता रहता है जिनका उपयुक्त कारण समझ में नही आता और भ्रांतियाँ बन जाती हैं। कुछ ऐसी चीजें भी देखने में आती हैं, जिनके घटित होने का कारण पता नहीं चलता है लेकिन उसे करने वाले उसे हाथ की सफाई कह कर किसी चमत्कार के होने के भ्रम का निवारण कर देते हैं। जैसे जादूगर दर्शकों को ऐसी–ऐसी चमत्कार पूर्ण चीजें दिखाते हैं कि यदि इस तरह की चीजों को कोई साधू महात्मा दिखा दे तो लोग उसे सीधा महात्मा की दैवी शक्ति से जोड़ कर देखने लगते हैं। किन्तु जादूगर इसे हाथ की सफाई बता कर लोगों को किसी अंधविश्वास का शिकार नहीं बनाते। ऐसा इसलिए स्पष्ट कर देते हैं कि उनका उद्देश्य अपनी कला के नाम पर कमाना होता है न कि ठगी के। क्या यह सम्भव नहीं है कि इनके समान ही साधू वेशधारी ठग इन कलाओं द्वारा लोगों में अपने सिद्ध पुरुष होने का विश्वास पैदा कर, लोगों को ठगते रहे हों ?

लोगों में अंध विश्वास पैदा न हो जाय और साथ ही लोगों के मनोरंजन का साधन भी बना रहे, इसलिए जादू को पूर्व सोवियत संघ के सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखाये जानेकी अनिवार्यता कर दी गई थी। फिर इनके विषय में जानकारी देना भी आवश्यक था ताकि वैज्ञानिक समझ से किसी तरह भी इन्हें विमुख हो जाने का कोई अवसर न पैदा हो। इसलिए सोवियत समाज में अपनी चमत्कारिक शक्ति के प्रदर्शन से भ्रम जाल में डाल कर किसी का शोषण का अवसर नहीं मिल पाता था।

हम यह जानते हैं कि विभिन्न तरह की विद्युतीय तरंगें आकाश में और पृथ्वी पर सर्वत्र गमन करती रहती हैं। ये तरंगें विभिन्न यंत्रों से संचालित कराई जाती हैं। जैसे रेडियो, टेलीवीजन, मोबाइल फोन एवं अन्य संचार संबंधी कार्यों के लिए इन तरंगों को भेजा जाता है। इसके अलावा विभिन्न ग्रहों से अलग–अलग फ्रिक्वेन्सी की तरंगे आती रहती हैं। फिर विभिन्न जीवों से तथा मानव-मस्तिष्क से भी इन तरंगों का निरंतर प्रवाह होता रहता है। मानव-मस्तिष्क एक ऐसी जटिल संरचना है जो न केवल तरंगों का प्रेषण करता है वरन तरंगों को प्राप्त कर उसकी अनुभूति कर लेता है। अलग–अलग मनुष्य के दिमाग की अलग संरचना है। इसलिए विभिन्न तरंगों के प्रेषण और ग्रहण की क्षमता अलग–अलग होती है। हम लोग व्यवहार में अपने अनुभव से जानते हैं कि किसी निकट संबंधी के संबंध में किसी प्रकार की घटना की संवेदनात्मक पूर्व जानकारी का आभास मिल जाता है।

अभी हाल में ही हमारे पाँच भाइयों में अंतिम की मृत्यु हो गई। वे दिल्ली स्थित लोहिया अस्पताल में भर्ती थे। मृत्यु के एक दिन पूर्व अस्पताल में उनको बहुत बेचैनी हुई। ठीक उसी समय बिहार के विभिन्न जगहों में हम तीन भाइयों में एक ही

प्रकार की विचित्र तरह की उदासी और बेचैनी का एहसास हुआ। दूसरे ही दिन हमलोगों ने उस विषय पर बातें कीं कि एक ही समय तीनों के साथ जो तीन जगहों पर थे, ऐसा क्यों हुआ। टेलीफोन से उनका समाचार मिला कि आज शाम को उनकी मृत्यु हुई। बाद में मालूम हुआ कि हमलोगों की इस असाधारण अनुभूति के समय वे वहाँ मृत्यु से एक दिन पूर्व बहुत बेचैन थे। इस उदाहरण से स्पष्ट होता है, कि हममें सहोदर भाई होने के कारण जैवकोशीय मानसिक संरचना में समानता है। इसी समानता के कारण एक भाई द्वारा प्रेषित किसी खास फ्रिक्वेन्सी पर विद्युतीय तरंगों को रिसीव करने की क्षमता सिर्फ भाइयों में ही हो सकती थी इसलिए हमलोगों ने उसे रिसीव किया। दूसरे लोग भी किसी निकट संबंधी या मित्र के आने की पूर्व अनुभूति का आभास होने की बात कहते ही रहते हैं। मनुष्य के अंदर तरंगों का उत्पन्न होना उनका प्रेषण होना और उन्हें अन्य व्यक्तियों द्वारा महसूस किया जाना, यह विशेषता अपने आप में इतनी बड़ी है कि अलग–अलग व्यक्तियों में विभिन्न स्तर और प्रकार के कारण बहुत बड़ा अंतर दिखाई पड़ने लगता है। यह मन के विज्ञान का विषय है।

कई व्यक्तियों के संयुक्त ऐच्छिक प्रभाव से टेबुल पर रखे कप को खिसका देने, किसी व्यक्ति द्वारा अपने घर से दूर पार्क में बैठे व्यक्ति पर अपनी इच्छा शक्ति या यों कहें कि अपने मस्तिष्क द्वारा प्रेषित विद्युतीय तरंगों के प्रभाव से सुला देने आदि को प्रयोग के तौर पर किये जाने का समाचार प्रकाशित होता रहता है। संभव है कि ऐसी विशेषताएँ कुछ व्यक्तियों में जन्म से ही प्राकृतिक रूप से प्राप्त हों। यही लोग अपना प्रभाव किसी न किसी रूप में दूसरों पर डाल कर लोगों को अपने विशिष्ट सामर्थ्य से चकित कर देते हों और लोगों में अंधश्रद्धा का भाव भर देते हों।

पुनर्जन्म में यहूदी, ईसाई और मुसलमान विश्वास नहीं करते हैं। लेकिन वे सड़कर नष्ट हो गये शरीरों के पुनः जी उठने में विश्वास करते हैं। विश्वास की परम्परा, भले ही बिना सिर पैर की हो, सदियों–सहस्राब्दियों तक चलती रहती है। बाइबिल को भी मुसलमानों के विश्वास के अनुसार अल्लाह की किताब कहा जाता है। उसमें पृथ्वी को सपाट बताया गया है। ब्रूनों द्वारा पृथ्वी को गोल बताने पर उसे जीवित जला दिया गया था। उसका दोष था कि उसने अल्लाह या गॉड के नियम के विरुद्ध निष्कर्ष निकाला था। आज सारी दुनिया जानती है कि अल्लाह की वह बात गलत निकली। मुसलमान अपने संस्कार के बंधन के कारण वैसा ही मानते हैं जैसा लिखा है। दुनिया में इस प्रकार की अनर्गल बातों का कोई अंत नहीं है।

लेकिन मनुष्य की आवश्यकता सत्य के उद्घाटन की है न कि अनर्गल बातों में विश्वास या ईमान लाने की। हिन्दू भी पुनर्जन्म के विश्वास के लिए जी जान से, प्रमाण तलासने में लगे रहते हैं। अनेक बच्चे अपने पूर्व जन्म की बातें बताते हैं। हिन्दू विश्वास को पुष्ट करने के लिए ये प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किये जाते हैं पर वैज्ञानिकों ने एक भिन्न सम्भावना पर अध्ययन किया है। विभिन्न तरंगों के, विभिन्न व्यक्तियों से निस्सरण की क्रिया चलती रहती है। माँ के गर्भ में सृजन की अवस्था में, शिशु का मस्तिष्क, अपनी स्मृति में किसी व्यक्ति से निकलने वाली अनुकूल और विशेष तरंगों का संग्रह कर बाद में जब उसे प्रकट करता है तब उसे पुनर्जन्म की बात समझी

जाती है। आने वाले समय में इसका और स्पष्टीकरण होगा। आवश्यकता, विश्वास के स्वनिर्मित खोल में स्वयं को डाल कर तुष्टि पाते रहने की नहीं, बल्कि तथ्यों के उद्घाटन की है, जो अन्ततः मानव जाति के लिए सर्वाधिक हितकारी होता है।

अनेक व्यक्तियों में हिप्नोटाइज करने की शक्ति के विषय में सुनने में आता है। एक जादूगर अपने द्वारा आयोजित शो में एक घंटा विलम्ब से पहुँचा। उसके विलम्ब से आने पर लोग बहुत उत्तेजित थे। लोगों ने इसकी जोरदार शिकायत की। उसने कहा कि मैं पाँच मिनट पहले आ गया हूँ, अपने निर्धारित समय से। सभी लोग यह देख कर चकित थे, कि सबकी घड़ियाँ जादूगर की इच्छा के अनुसार समय बता रही थीं। इन उदाहरणों से यह बात स्पष्ट है कि दिव्य चमत्कारिक कार्यों के करने वाले लोगों के अलावा भी बहुत लोग हैं जो उसी प्रकार के प्रदर्शन में सक्षम हैं। तब आँख मूँद कर उनके कारण अंधश्रद्धा क्यों पाली जाय!

अब इस बात पर विचार किया जाय कि इनकी आध्यात्मिक उपलब्धियों के कारण समाज कितना सम्पन्न हुआ है। उन समाजों से जिनमें भारत की तुलना में या उन देशों की तुलना में, जहाँ आर्य संस्कृति के विपरीत विचार चलते रहे हैं, हमारी तुलनात्मक स्थिति पूर्व में क्या थी और आज क्या है।

धर्म की मूल दार्शनिक अवधारणा और उनके वैचारिक एवं मनोवैज्ञानिक प्रभाव से निर्मित हिन्दू समाज की स्थिति पर सूक्ष्म विचार करने के क्षेत्र को किनारे कर के अभी यहाँ यही विचार किया जाय कि ये तथाकथित चमत्कारिक प्रतिभा संपन्न साधक समाज को क्या दे सके हैं, क्या देते हैं और इनसे क्या उम्मीद है। सीधे–सीधे विचार करने पर इनका क्षेत्र भौतिक प्रगति में कहीं उपयोगी नजर नहीं आता है। आजतक किसी चमत्कार से कोई खेती नहीं उपजी है। कोई बगीचा नहीं उग गया है। पेड़ों में फल नहीं लग गये हैं। कोई मकान, पुल या वाहन नहीं बन गये। इनके चमत्कार से कोई सड़क नहीं बन गई। कोई सुरंग नहीं खुद गई। किसी कारखाने का निर्माण नहीं हो गया। किसी संपत्ति का अर्जन नहीं हुआ। कोई रेल इंजन या हवाई जहाज नहीं बन गया। नदियों पर बाँध नहीं बन गये। नहरें नहीं बन गईं। विध्वसंक लड़ाइयाँ नहीं रुक संकीं। किसी की हत्या नहीं रुकी। इनके चमत्कारों से कोई लड़ाई नहीं जीती गई। इनके समुदाय के ही लोगों का संपूर्ण विनाश हो गया है, किन्तु कभी कोई ऐसा चमत्कार नहीं हुआ कि इनके प्रभाव से उनकी रक्षा हो गई हो। किसी साधक द्वारा किसी चमत्कारिक शक्ति का आधुनिक युग में कोई खुला प्रदर्शन नहीं किया जा सका है। इसलिए जहाँ तक भौतिक निर्माण का सवाल है इनकी कोई उपयोगिता नहीं है, जो व्यावहारिक तौर पर कहीं देखी गई हो और किसी समाज ने सामाजिक रूप से इसकी स्वीकृति दी हो।

यद्यपि हमारे प्राचीन ग्रंथों में इनकी बड़े पैमाने पर व्यापक चर्चा है कि चमत्कारिक शक्तियों से अमुक कार्य हुआ। वाल्मीकि रामायण में एक प्रसंग है। राम वन गमन के बाद, ननिहाल से लौटने पर भरत उनको वापस लाने के लिए शोकाकुल अपने प्रजाजनों, अयोध्या वासियों के साथ वन को चल पड़े। जाते–जाते वे भरद्वाज मुनि के आश्रम पर पहुँचे। उनसे भरत राम के ठहरने का पता जानना चाहते थे।

भरद्वाज ने भरत की अच्छी भावनाओं से खुश हो कर अपने आश्रम पर प्रजाजनों एवं सेना के साथ ठहरने का अनुरोध किया। अपने तप एवं योग बल से भरद्वाज मुनि ने भरत की संपूर्ण सेना और प्रजाजनों के लिए ठहरने और खाने की व्यवस्था कर दी। वहाँ जंगल में कोई साधन नहीं था लेकिन भरद्वाज मुनि में वैसी अद्‌भुत शक्ति थी कि उनकी इच्छा मात्र से सभी साधन उपलब्ध हो गये। जैसे– चार–चार कमरों से युक्त गृह तैयार हो गये। हाथी और घोड़े के रहने के लिए शालाएँ बन गईं। अट्टालिकाओं तथा सतमंजिले महलों से युक्त सुन्दर नगरद्वार भी निर्मित हो गये। तदन्तर वहाँ दो ही घड़ी में भरद्वाज मुनि की आज्ञा से भरत की सेवा में नदियाँ उपस्थित हुईं, जिनमें कीच के स्थान पर खीर भरी थी। उन नदियों के दोनों तटों पर ब्रह्मर्षि भरद्वाज की कृपा से दिव्य एवं रमणीय भवन प्रकट हो गये, जो चूने से पुते हुए थे। उसी मुहूर्त में ब्रह्मा जी की भेजी हुई दिव्य आभूषणों से विभूषित बीस हजार दिव्यांगनाएँ आईं। इसी तरह स्वर्ण, मणि, मुक्ता और मुंगों के आभूषणों से विभूषित बीस हजार महिलाएँ भी वहाँ उपस्थित हुईं, जिनका स्पर्श पाकर पुरुष उन्मादग्रस्त सा दिखाई देता है। इनके सिवाय नन्दन वन से बीस हजार अप्सराएँ भी आईं। नारद, तुम्बुरू और गोप अपनी कांति से सूर्य के समान प्रकाशित होते थे। वे तीनों गंधर्वराज भरत के सामने गीत गाने लगे। अलम्बुष, मिश्रकेशी, पुण्डरीका और वामना नाम की ये चार अप्सराएँ भरद्वाज मुनि की आज्ञा से भरत के समीप नृत्य करने लगीं। सात–आठ तरुणी स्त्रियाँ मिलकर एक–एक को नदी के मनोहर तटों पर उबटन लगा कर नहलाती थीं। बड़े–बड़े नेत्रों वाली सुन्दर रमणियाँ अतिथियों का पैर दबाने के लिए आई थीं। वे उनके भींगे अंगों को वस्त्रों से पोंछ कर, शुद्ध वस्त्र धारण कराकर उन्हें स्वादिष्ट पेय पिलाती थीं। सम्पूर्ण मनोवांछित पदार्थों से तृप्त हो कर लाल चन्दन से चर्चित हुए सैनिक अप्सराओं का संयोग पाकर निम्नांकित बातें कहने लगे – अब हम अयोध्या नहीं जायेंगे.....। तटों पर तपे हुए पिठर (कुण्ड) में पकाये गये मृग, मोर और मुर्गों के स्वच्छ मांस भी ढेर के ढेर रख दिये गये थे। वहाँ सहस्रों सोने के अन्नपात्र, लाखों व्यंजन पात्र और लगभग एक अरब थालियाँ संग्रहीत थीं।

महर्षि भरद्वाज के द्वारा सेना सहित भरत का किया हुआ वह अनिर्वचनीय आतिथ्य सत्कार अद्‌भुत और स्वप्न के समान था। उसे देख कर वे सब मुनष्य आश्चर्य चकित हो उठे। जैसा देवता नन्दन वन में विहार करते हैं, उसी प्रकार भरद्वाज मुनि के रमणीय आश्रम में यथेष्ट क्रीड़ा-बिहार करते हुए उन लोगों की वह रात्रि बड़े सुख से बीती। तत्‌पश्चात् वे नदियाँ, गंधर्व और वे समस्त सुन्दरी अप्सराएँ भरद्वाज की आज्ञा से जैसे आयी थीं, वैसे ही लौट गयीं। यह चमत्कारिक शक्ति ब्रह्मर्षि के तप से प्राप्त वास्तविक सिद्धि की उपज थी या काव्यरचनाकार के मन की काल्पनिक उड़ान यह तो रचनाकार ही जानें।

आज हिन्दू मानस इस तरह इन शब्दव्यूह के आवरण में उलझा हुआ है कि उस जालसे हजारों हजार वर्ष से, पीढ़ी दर पीढ़ी संस्कारों एवं चिंतन परम्परा से बँधा होने के कारण निकल पाना मुश्किल पा रहा है। यह तो मात्र एक उदाहरण है। ऐसे ही कथा और प्रसंगों से हमारा प्राचीन और दिव्य साहित्य संसार हमें अपने में समाहित

किये हुए है। उससे हम न छूट पाते हैं और न वैज्ञानिक सोच विकसित कर पाते हैं। चमत्कारों में आस्था और वैज्ञानिक तथ्यों के बीच आदमी कभी इधर तो कभी उधर डोलता रहता है।

आज के युग में इस प्रकार की रचना को तथ्य की दृष्टि से हास्यास्पद या बकवास कह कर कोई तुरंत ही त्याग देगा। वैसी रचना काल्पनिक या काव्यधर्मी ही समझी जाएगी। क्योंकि अब तक तथ्यों के उद्‌घाटन की समृद्ध दुनिया उनकी जगह समाप्त कर चुकी है। आज के युग में इस कल्पना के आतिथ्य सत्कार में चूने पुते महलों की जगह सेवेन स्टार आलिशान होटल होते। स्नान के लिए नदियों की जगह अत्याधुनिक स्वीमींग पुल और सुगन्धित बाथरूम होते। अप्सराओं की जगह कैबरे डान्सर, काल गर्ल्स, लेडी वेटर्स और मोडर्न लड़कियाँ होती। आलीशान मल्टी स्टोरिड विल्डिंग चूना पुते होने की जगह बाहर भीतर सुन्दर रंगों वाले ग्रेनाइट पत्थरों से बने होते। कमरे, टी0वी, मोबाइल फोन सहित अत्याधुनिक तकनीक से सजाये गये होते, जिनको सजाने वाले विशिष्ट इंटिरियर डेकोरेशन्स इंजिनियर होते। हाथी, घोड़े, ऊँट, गधे, रथ आदि के स्थान पर वाहन के रूप में जेट विमान, हेलीकाप्टर, जंगल में अंदर जाने के लिए लक्जरी ए0सी0 जीपें आदि होतीं। खाने के लिए आधुनिक शाकाहारी–मांसाहारी डिसें होतीं जिसे दुनिया के जाने माने कुक तैयार किये होते। अपनी पुरानी दुनिया के काल्पनिक चमत्कारों से बँधे होने के कारण आज भी आध्यात्मिक दुनिया के हमारे तथाकथित सम्माननीय महापुरुष अपने जाल में फँसा कर लोगों का शोषण कर रहे हैं। वैज्ञानिक सोच के आधार पर निर्मित आत्म विकास के मार्ग पर चलने में इनके द्वारा बराबर रुकावट खड़ी की जाती है।

समय के विभिन्न अन्तराल में तात्कालिक विद्वानों, सन्तों, मनीषियों और ऋषियों द्वारा साधारण अशिक्षित लोगों को समझाने के लिए अनेक किस्से कहानियों की रचना की गई है। समय बीतने के साथ जन–मानस में सत्य कथा के रूप में उनका स्थान बन गया है। भक्ति की भावना में आस्था बनाने के लिए पुराण में नरसिंह अवतार के किस्सा का वर्णन है। आज भी भक्त लोग ज्यों का त्यों उनमें विश्वास करते हैं। वे ध्यान नहीं देते कि दुनिया भर में एक से बढ़कर एक दुष्कर्म और अन्याय होता है लेकिन किसी की रक्षा करने भगवान खम्भा फाड़कर उसके अंदर से क्यों नहीं निकलते। इस प्रकार के विश्वास हिन्दू संस्कार की परम्पराओं के कारण लोगों के मन में गहरे बैठे हैं। यद्यपि इनके कारण ही हिन्दू समाज हमेशा हानि उठाता रहता है फिर भी घटनाओं से कुछ भी सीखने के बजाय उसके विरुद्ध कोई बात भी सुनना पसंद नहीं करता।

इतिहास में एक अत्यन्त महत्वपूर्ण घटना हिन्दुओं के संस्कार गत विश्वास के कारण उनके विनाश के रूप में जानी जाती है। महमूद गजनवी ने सोमनाथ के मंदिर को लूटने और उसे ध्वस्त करने के उद्देश्य से चढ़ाई की। सोमनाथ मंदिर में शिवलिंग, जो नीलम पत्थर का बना हुआ था, बहुत विशाल था। शिव की मूर्ति चुम्बकीय प्रभाव से बिना सहारे के हवा में लटक रही थी। लोगों की अपार श्रद्धा थी। दूर–दूर से लोग सोमनाथ में दर्शनार्थ आते थे और बहुमूल्य वस्तुएँ दान करते थे।

जब महमूद गजनवी की सेना सोमनाथ के निकट पहुँच गई तब मूर्ख हिन्दू अपने दुर्ग पर और मूर्ख पंडित सोमनाथ के कंगूरे पर चढ़ गये ताकि वे शिव जी के तीसरे नेत्र के खुलने और मुस्लिम सेना के भस्म होने का दृश्य देख सकें। वे सभी आत्मविश्वास से भरे हुए उपहास की हँसी हँस रहे थे। कुछ पंडित मूर्ति के चारों ओर बैठे विलख कर रो रहे थे और प्राण रक्षा की प्रार्थना कर रहे थे। लेकिन अंधविश्वास हमेशा मुनष्य का विनाश ही कराता है। महमूद की सेना ने पंडितों और नगर वासियों को गाजर मूली की तरह काटना शुरू किया। तीन दिनों तक कत्लेआम चलता रहा। यदि इनमें दैव सम्बल का अंधविश्वास नहीं होता और अस्त्र–शस्त्रों से सज्जित हो शत्रु का मुकाबला किये होते तो वे अपनी और सम्पत्ति की रक्षा करने और शत्रु का नाश करने में सफल हुए होते।

मंदिर और नगर से अपार दौलत लूट कर, जिसकी कीमत अरबों–खरबों में थी और लगभग पचास हजार लोगों का कत्ल कर तथा शिव की मूर्ति को टुकड़े–टुकड़े कर महमूद ले गया। इस प्रकार के अंधविश्वास से उत्पन्न मूर्खता के कारण हिन्दुओं का सदा संहार और पराजय होता रहा है।

इससे यह सीख मिलती है कि किसी देव मूर्ति में शक्ति का विश्वास कर पूजने से आत्म तुष्टि भले ही मिलती हो पर उससे कोई चमत्कार या मदद की आशा करना स्वयं को धोखा देना है। सर्प को रस्सी मान कर उससे निश्चिन्त होना ऐसी मूर्खता हो सकती है जिससे प्राण चला जाय। उसी प्रकार रस्सी को सर्प मान लेना, नाहक डरने की मूर्खता करना होता है। आवश्यकता है सर्प को सर्प और रस्सी को रस्सी समझने की। लेकिन हिन्दू, अध्यात्म व्यवसाय के जाल में शायद ही कभी सत्य को समझें। वास्तव में मनुष्य की प्रकृति ही ऐसी है कि बचपन में उस पर जिस वातावरण का प्रभाव पड़ता है, वह लगभग स्थाई बन जाता है। जिन बातों और किस्सों कहानियों में विश्वास करते हुए वह बचपन में लोगों को देखता है, उन पर संदेह करने और विचार कर नया निष्कर्ष निकालने के बदले उन्हें धारण कर, उनमें विश्वास बनाये रखने में ही आनन्द अनुभव करता है। इसे ही संस्कार का बंधन कहते हैं। मानव जीवन पर इसका प्रभाव अच्छा और बुरा दोनों ही होता है।

अच्छी बातों में विश्वास दृढ़ हो जाने के कारण, मनुष्य आजीवन अच्छा बना रहता है लेकिन गलत विश्वासों में स्थायित्व होने के कारण विकास की गति धीमी हो जाती है। इससे कालान्तर में विनाश ही होता है।

मनुष्य अपने जीवन की परिस्थितियों से प्राप्त अनुभव द्वारा जो कुछ सीखता है वह उसका पालन करता है पर संस्कार से प्राप्त उसके अनेक विश्वास जो इन अनुभवों के अनुरूप नहीं होते, उसके दैनिक जीवन में द्रुत विकास की गति को अवरोधित करते रहते हैं।

जैसे भारत में मनुष्य अपने संस्कारों से प्राप्त ज्ञान के कारण मानता है कि जो कुछ होने वाला है सब ईश्वर ने पहले से ही निश्चित कर दिया है। ऐसा ही उदाहरण गीता में है, जब श्री कृष्ण जी ने अर्जुन को पहले ही वह दृश्य दिखाया जो बाद में घटित होने वाला था और अर्जुन को निमित्त मात्र बतलाया। इसी सिद्धांत और

विश्वास के कारण फलित ज्योतिष का भविष्य कथन का व्यवसाय चलता है। लेकिन दूसरी ओर अपने अनुभव से प्राप्त ज्ञान से हर व्यक्ति जानता है कि करने से ही कुछ होता है अन्यथा वे अपने संस्कार से प्राप्त विश्वासों को धारण कर क्रियाहीन बन जाते। अति विश्वासी व्यक्ति भी अपने प्रियजनों की बीमारी के उपचार की व्यवस्था करता है। उस समय वह अपने विश्वासों को भूल जाता है कि जो होना है वह निश्चित है, इसलिए क्यों अकारण परेशान होना चाहिए। विश्वास और अनुभव एक दूसरे के उलटे होने के बाद भी मनुष्य को उस द्वंद्व में फँसे रहने में अच्छा लगता है। जबकि आवश्यकता हर विश्वास में संदेह की और हर संदेह की जाँच की है ताकि वर्तमान जरूरतों के अनुसार सत्य मार्ग की खोज हो सके। सत्य मार्ग द्वारा ही आगे बढ़ा जाता है। वास्तव में ईश्वर की खोज, सत्य की खोज को ही समझना चाहिए। झूठे विश्वासों को धारण किये रहने से बड़ा अहित होता है। बिना गहन छानबीन के किसी बात को मान लेना और उसी मान्यता के आधार पर जीवन के संचालन हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लेना, आँख बाँध कर अग्नि कुंड में सीधे कूद जाने के समान है जिसे हिन्दू समाज सदियों से करता आ रहा है। जीवन की आवश्यकता किसी चीज को मानने की नहीं बल्कि उसे वास्तविक रूप में जानने की होती है।

लेकिन दुर्भाग्य है कि समाज के मार्ग दर्शक लोग जिनका संबंध धर्म–संप्रदाय से है, अंधविश्वासों को बनाये रखने में ही रुचि लेते हैं और समाज के विकास को बाधित करते हैं। इसका कारण है कि समाज में व्याप्त अंधविश्वास ही उनकी जीविका का आधार होता है।

अज्ञानता के कारण उपजे अंधविश्वासों के कूप से निकालने में विज्ञान की तथ्यपूर्ण रोशनी ने अवश्य ही बहुत काम किया है। फिर भी अभी तक हमारे समाज के लोग अंधविश्वासों से मुक्त नहीं हो सके हैं। हम अपनी जानकारी से इतना निश्चय पूर्वक जानते हैं कि आध्यात्मिक दुनिया में सैर कराने का दावा करने वाले प्रभावित करने के लिए अपनी योग्यता और शक्ति का प्रदर्शन कुछ भौतिक चमत्कारों को दिखा कर ही करते हैं लेकिन उनकी चमत्कारिक शक्ति, निर्माण के क्षेत्र में किसी प्रकार उपयोगी नहीं होती है।

इनका क्षेत्र मन–मस्तिष्क में होने वाले कुछ विकारों, बीमारियों में सुधार, कुछ शारीरिक व्याधियों में सुधार, कुछ व्यावसायिक या पेशागत सफलता के लिए आशीर्वाद के रूप में जन सामान्य में जाना जाता है। अंधश्रद्धा के कारण लोगों की भीड़ जुटती है। एक पत्रिका में देखने को मिला था कि सत्य साईं बाबा के चमत्कारों की जाँच करने, उनका वैज्ञानिक परीक्षण करने के लिए बाम्बे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की एक गठित कमिटी ने उनसे अनुरोध किया था जिसकी अनुमति उन्होंने नहीं दी थी। पूरा समाज भ्रम में पड़ा है कि यह सब क्या है।

कुछ आध्यात्मिक गुरू साधना कराते हैं। वे बताते हैं कि साधना की अनेक सीढ़ियाँ हैं उन सीढ़ियों से क्रमशः आगे बढ़ते–बढ़ते मनुष्य परमात्मा को प्राप्त करता है और मनुष्य का यही प्राप्य है। मानव जीवन की यही सार्थकता है। भजन, कीर्तन करते हुए ईश्वर भक्ति में सराबोर हो जाना चाहिए। इसी से वह मोक्ष की प्राप्ति करता

है। ईश्वर प्राप्ति का मार्ग दिखाने वाले सद्गुरुओं के शरण में जा कर ही साधना की गूढ़ शिक्षा प्राप्त हो सकती है।

यदि मान भी लिया जाए कि ईश्वर भक्ति में डूबने के लिए आध्यात्मिक साधना का मार्ग, सद्गुरुओं के माध्यम से अपनाना आवश्यक है ताकि मनुष्य, जीवन का प्राप्य मोक्ष प्राप्त कर ले, तो भी इसका निवारण कैसे होगा कि मनुष्य का शरीर और साधना की सारी क्रियाओं के चलते रहने के लिए आवश्यक भोजन की पूर्ति कहाँ से होगी। जब भोजन के बिना काम चलना ही नहीं है और बिना श्रम के प्रकृति या भगवान भोजन की व्यवस्था करते ही नहीं हैं तब यह भक्ति होगी कैसे ? इसका मतलब है दूसरे के श्रम से पैदा हुए भोजन को चुराकर, ठग कर या छीन कर खाना और भक्ति करना। जो गृह त्यागी सन्यासी हैं, श्रम के बिना या श्रम को स्वस्थ रखने में कोई सहयोग के बिना, अन्य के श्रम से उत्पादित भोजन करते हैं, तो वह न्यायपूर्ण नहीं हो सकता है। दूसरों की भावना को अपने प्रति श्रद्धा और विश्वास में बदलकर उससे किसी प्रकार का लाभ प्राप्त कर लेना क्या अनुचित नहीं है ? क्या हमारे आध्यात्मिक पुरोधा इसी मार्ग की शिक्षा देते हैं। जिन भौतिक वस्तुओं का वे स्वयं उपभोग करते हैं, उनके उत्पादन को वे कर्म नहीं कहते। वे कर्म कहते हैं साधना को। साधना किस उद्देश्य के लिए ? ईश्वर प्राप्ति और मोक्ष के लिए । क्या है ईश्वर प्राप्ति और क्या है मोक्ष; इसका निर्णय असंभव है। यह निजी विश्वास का विषय है, सिर्फ संस्कार की मान्यता का विश्वास।

अब चलते हैं बाबाओं के आश्रम पर। एक बाबा के पास जाने पर देखा कि बाबा के गैरेज में कई गाड़ियाँ हैं और वे गाड़ियों पर ही चलते हैं। उनके आश्रम में जो दूर–दूर तक फैला है कृषि बागवानी अच्छी है। भक्त मन लगा कर अपने श्रम से उसको सींचते हैं। विद्युत की व्यवस्था है। लाइन कटने पर बाबा को असुविधा न हो इसलिए जेनरेटर, तेल और भक्त ऑपरेटर सदा तैयार हैं। टेलीफोन है जिससे भक्तों को दूर से ही अपनी समस्याओं के निवारण में सुविधा हो। 10–20 किलो दूध देने वाली गायें अनेक हैं। आने वाले भक्तों को खाने ठहरने की मुफ्त व्यवस्था है। उनके लिए अलग से बाथरूम और नहाने के नल की व्यवस्था है। पाइप लाइन दूर–दूर तक बिछी हुई हैं, टंकी में पानी भरे रहने की व्यवस्था है। ताकि बाबा और भक्तों को असुविधा न हो। आखिर साधना का कठिन मार्ग जो है। सुविधा का होना आवश्यक है। यह सब विश्वास, श्रद्धा और भक्ति में सराबोर गाँठ के पूरे, दूर–दूर के भक्तों द्वारा पूरा किया जाता है। वे पैसा देते हैं और पैसे से क्या नहीं हो सकता है। लोगों द्वारा चढ़ावा चढ़ाने का कोई अंत नहीं है, मिठाई के साथ हर आने वाला अपनी सामर्थ्य के अनुसार नकद मुद्राएँ भी अर्पित करता है। प्रति दिन की आमदनी का क्या कहना। मुफ्त नास्ता, खाना की व्यवस्था बाबा की ओर से होता है। लोग समझते हैं कि बाबा के महात्म्य से यह खर्च भगवान के खजाने से आता है।

अब विचार करने का विषय है कि अपने जीवन में भौतिक सुख साधनों का पर्याप्त भोग करना और दूसरों को साधना सिखाना, ईश्वर प्राप्ति का मार्ग बतलाना कैसे उचित है ? जिन भौतिक वस्तुओं का स्वयं उपभोग करते हैं और यह जानते हैं

कि इनका उत्पादन श्रम से होता है उसे कर्म नहीं कह साधना को कर्म कहना जिसका कोई उपयोग नजर नहीं आता है, क्या समाज का अहित करना नहीं हुआ ? वह साधना भी करने वाले 10–15 से अधिक नहीं दिखाई पड़े। जो भी आश्रम पर जाने वाले हैं, सब किसी न किसी अपने सांसारिक कष्टों के निवारण के लिए इस विश्वास से जाते हैं कि बाबा में कोई चमत्कारिक शक्ति है और इस शक्ति के प्रभाव से बाबा खुश होकर उनके कष्टों का निवारण कर देंगे। लोगों में अस्पष्ट अपनी चमत्कारिक शक्तियों का विश्वास पैदा करना उनमें अपने लाभ की आशा जगा कर अपने पीछे घुमाना, सम्मान पाना और अर्थ पाना यह सब विशुद्ध वंचना नहीं तो और क्या है ? यदि भरद्वाज मुनि की तरह ही सब व्यवस्था कर लेते तो धन की आवश्यकता भी नहीं होती।

भौतिक सुख–सुविधाओं के भोग से ऊबा हुआ या फिर सांसारिक समस्याओं से परेशान मनुष्य का मन बेचैन हो जाता है। कुछ लोग स्वभाववश प्रकृति के रहस्यों के प्रति अति उत्सुकता से व्याकुल हो जाते हैं, निरंतर चिंतन से, मनुष्य ने आध्यात्मिक दुनिया की श्रृष्टि की है। उसका विस्तार किया है और लगातार उसके चिंतन से जीवन के अंतिम लक्ष्य के रूप में मोक्ष के लिए आध्यात्मिक क्षेत्र में पैठकर, आत्म तृप्ति का मार्ग ढूँढ़ना जारी रखा है। इसलिए अध्यात्म अत्यन्त महत्वपूर्ण, मानव जीवन की तृप्ति का मार्ग बन गया है। अध्यात्म चिन्तन की जड़ें अब इतनी गहरी और क्षेत्र इतना व्यापक हो गया है कि अनेक बार मनुष्य भयंकर भटकाव में पड़ कर जीवन को सुख से तृप्त करने के वजाय दुखी बना लेता है।

इस क्षेत्र के अग्रणी महानुभाव जीवन की भौतिक आवश्यकताओं की व्यवहार में अनदेखी कर नहीं सकते हैं, तब भौतिक सुविधाओं के लिए किसी न किसी रूप में वंचना का ही कार्य करने लगते हैं। वे स्पष्ट कोई शिक्षा नहीं देते। इस क्षेत्र के रहस्यों की सही जानकारी नहीं देते, जो कुछ भी उनके पास हो। इसके विपरीत लोगों में अनेक भ्रम की सृष्टि कर अपना उल्लू सीधा करने का काम करते हैं। उन्हें स्पष्ट बताना चाहिए कि साधना क्या है इससे क्या प्राप्त होगा। ध्यान, साधना, कुंडलिनी जगाना, योग निद्रा, सिद्धि प्राप्त करना, मंत्रों का प्रयोग आदि की उपयोगिता का खुला प्रदर्शन होना चाहिए। सारा समाज भ्रम-जाल में भटक रहा है। क्यों नहीं इसके शिक्षण संस्थान, विषय की जानकारी, शुल्क आदि का स्पष्ट प्रकाशन करते हैं। फिर चमत्कारिक कलाओं को सिखाने सम्मोहित करने की कला को सिखाने या अन्य जो भी विद्या और कला वे जानते हैं उसको बतावें, लोगों को शिक्षित करें। अपनी फीस लें, क्योंकि उनको भौतिक सुविधाएँ तो चाहिए ही। यह स्पष्ट है कि उनकी साधना से भौतिक सुविधाएँ उपजेंगी नहीं तो चाहे फीस लें या लोगों को भ्रमित कर ठगें।

सृष्टिकर्ता ने सृष्टि के संचालन के लिए जो विधान या नियम बनाये हैं उन्हें ही हम ईश्वरीय विधान या प्रकृति के नियम के रूप में जानते हैं। सृष्टि के विस्तार और उसे संचालित करने वाले प्रकृति के नियमों, उसकी विविधता और गणना की कोई सीमा नहीं है। उसकी तुलना में मनुष्य की बुद्धि और सामर्थ्य की पहुँच बहुत थोड़ी है। वह शारीरिक और मानसिक किसी रूप में भी ईश्वरीय विधानों के अतिक्रमण

की शक्ति नहीं रखता है। वह उनमें थोड़ा भी परिवर्तन नहीं कर सकता है। पर सृष्टिकर्ता ने मनुष्य को मस्तिष्क प्रदान किया और मस्तिष्क की क्रिया, मन और बुद्धि द्वारा उसे बोधगम्य बनाया। फलतः मनुष्य ने उसका संज्ञान प्राप्त कर क्रमशः अपनी बौद्धिक और दैहिक क्षमता के अनुसार उसका यथायोग्य उपयोग करना जारी रखा।

हमें कोई वस्तु रहस्यमय सिर्फ इसलिए लगती है क्योंकि हम उसके विषय में नहीं जानते हैं। हमें कोई घटना चमत्कार पूर्ण सिर्फ इसलिए लगती है, क्योंकि ईश्वरीय विधान या प्रकृति के नियमों की जितनी हमारी जानकारी है, हम उसे उसके विपरीत घटित होते हुए देखते हैं। चमत्कारपूर्ण घटनाओं को घटित कराने वाले व्यक्तियों को हम अलौकिक, दैवी या ईश्वरीय सत्ता का अधिकारी मान लेते हैं। किन्तु बात सिर्फ इतनी होती है कि उसने उन ईश्वरीय विधानों या प्रकृति के नियमों में से कुछ को जान लिया है, जिसे हम नहीं जानते। उसने उनके अनुरूप कुछ घटनाओं को घटित कराने की सामर्थ्य पैदा कर ली है जिसे हम नहीं कर सकते या फिर उनमें प्राकृतिक रूप से जन्मना ही, कुछ ऐसी घटनाओं को करने की शक्ति आ गई है, जो हममें नहीं है। हम अपनी अज्ञानता के कारण उसे दैवी महत्व देते हैं जबकि यह मात्र एक प्राकृतिक संयोग की बात होती है। यद्यपि उनमें ईश्वरीय विधानों या प्रकृति के नियमों में किंचित् भी परिवर्तन की क्षमता नहीं होती है इसलिए वे किसी प्रकार भी दैवी सत्ता के अधिकारी नहीं हो सकते; फिर भी उनके ज्ञान, उनकी शक्ति और सामर्थ्य की शेष लोगों के लिए कुछ न कुछ उपयोगिता होती है, जिसका लाभ प्राप्त करने के लिए लोग उनके चरणों में नतमस्तक होते हैं।

मनुष्य बचपन से ही अपने को ऐसे लोगों से घिरा पाता है जो उससे अधिक ज्ञान रखते हैं और अधिक सामर्थ्यवान होते हैं; जो जीवन के हर पग पर उसका मार्ग दर्शन और उसकी सहायता करते हैं; माता, पिता, गुरू, संबंधी, पड़ोसी और पूरा समाज ही। यह क्रम आजीवन चलता है। वह भी, समाज में किसी न किसी के लिए और किसी न किसी प्रकार से उपयोगी होता है। इस प्रकार पूरा समाज ही यथायोग्य एक दूसरे के ज्ञान, शक्ति और सामर्थ्य के सम्बल से लाभान्वित होता है। तथाकथित दैवी महापुरुष भी इसी समाज के अंग हैं। वे भी समाज को कुछ देते हैं तो समाज से कुछ लेते भी हैं। समाज के लोग, अपनी भौतिक एवं सामाजिक क्रिया–कलापों का संज्ञान भी रखते हैं। उनके क्रिया कलाप बोधगम्य होते हैं।

कठिनाई तब होती हैं जब कुछ लोग अपने ज्ञान को छुपाये रखते हैं; उसे रहस्यमय बताते हैं; उसे रहस्मय बनाये रखने के लिए सचेष्ट रहते हैं और उसका उपयोग कर, अनजान लोगों के समक्ष चमत्कारिक प्रदर्शन करते हैं और इस प्रकार स्वंय को अलौकिक, दैवी या ईश्वरीय आभा से दीप्त होने का बोध कराकर, लोगों से सम्मान, प्रभुत्व, अर्थ एवं अन्य प्रकार की सुविधाएँ प्राप्त करते हैं। यह वृत्ति संत–महात्मा की अवधारणा के अनुकूल नहीं है। मनुष्य ने जो भी पाया, भौतिक या आध्यात्मिक, शक्ति या सामर्थ्य, ज्ञान या अर्थ उसे सम्पूर्ण मानवता के कल्याण में लगा कर तृप्ति नहीं पाई तो वह ईश्वरीय, संत या महात्मा कैसा ? सामान्य बोधगम्य प्राकृतिक नियमों के अलावा कुछ नियम व्यक्तिगत अनुभव से संबंधित हैं, उसी का लाभ उठा कर कुछ

लोग संत वेश में लोक कल्याण की जगह स्वकल्याण में लग जाते हैं। तब उनका दिव्य ज्ञान संत का ज्ञान न हो कर पेशेवर का ज्ञान बन जाता है।

स्पष्टता के अभाव में पूरा हिन्दू समाज भ्रमित होकर दिशाहीन बना हुआ है। पूरा हिन्दू समाज ही इन भ्रम जालों में फँसकर उचित निर्णय के अभाव में नष्ट होता जा रहा है। इसलिए आध्यात्मिक दुनिया के सभी महापुरुषों से विनम्र निवेदन है कि वे अपने जीवन शैली में आवश्यक परिवर्तन कर समाज को स्वस्थ दिशा दें। यह तो आज के कुछ महात्माओं की क्रियाओं से दुखित मन की आवाज है, अन्यथा उनकी जगह दूसरी है। वे समाज के सामान्य जनों के कल्याण के लिए निःस्वार्थ भाव से ज्ञान से अभिभूत करने वाले समर्पित, सर्वोच्च लोग थे जिनके उपकार से समाज उपकृत था। समाज अपनी कृतज्ञता उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट कर व्यक्त करता था। उसी कृतज्ञता के कारण सम्मान और श्रद्धा प्रदर्शन की परम्परा आजतक चली आ रही है। किन्तु दुर्भाग्य है कि उन महापुरुषों की परम्पराओं से जुड़कर उनका वारिस बन कर अधिकांश लोग समाज का कल्याण करने के बदले सर्वत्र समाज से ही कुछ प्राप्त कर लेने की निरंतर तृष्णा में फँसकर उस महानता का नाश कर रहे हैं। अंधविश्वासों, पाखण्डों और व्यर्थ के कर्मकांडों के जाल में फँसा हुआ कोई समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। प्रकृति के पार, मानवातीत, अद्भुत, अलौकिक, आत्मिक या दैव अनुभूति का ज्ञान सामान्य मनुष्य के लिए रहस्यमय है। रहस्योद्घाटन के लिए ज्ञान-प्रकाश करना कर्तव्य है, न कि वंचना।

आज हिन्दू समाज (आर्य संस्कृति) संसार के मानचित्र से मिटते–मिटते अपने अंतिम स्थान भारत वर्ष में सिमट कर चारों ओर से शत्रुओं से घिर चुका है। दुनिया के इस्लामी और ईसाई देश भारत वर्ष को इस्लामी और ईसाई राज्य में बदलने के लिए सभी तरह के छद्म और प्रत्यक्ष तरीकों के साथ, हिन्दू समुदाय को दबाते हुए अपना विस्तार करने में तेजी और दृढ़ता से लगे हुए हैं। इस्लाम की मजहबी मान्यताएँ गैर मुसलमानों के लिए भयंकर रूप से घातक हैं। आज धर्मगुरुओं का प्रमुख कर्तव्य है कि हिन्दू समुदाय पर बहुत शीघ्रता में आने वाले इस्लामी एवं ईसाइयत के खतरों की स्पष्ट समझ रख कर हिन्दुओं की रक्षा के लिए उनको जगाने का कार्य अपने हाथ में लें। इसके लिए अपने आश्रम पर जमा होने वाली भीड़ को संबोधित कर, उत्साही लोगों को शिक्षित कर, गाँव–कस्बों, शहरों, हर जगह, हिन्दुओं को जगाने के लिए भेजें। अपने आश्रमों का पूरा उपयोग हिन्दुओं की रक्षा के लिए त्यागी और समर्पित योद्धाओं को तैयार करने में करें। बढ़ती हुई मुस्लिम आबादी पर बल पूर्वक नियंत्रण करने के लिए एवं छद्म ईसाई विस्तार को रोकने के लिए हिन्दुओं को वास्तविक खतरे की जानकारी देने, उनको संगठित करने और उनकी शक्ति में वृद्धि के लिए समुचित उपाय करने के लिए प्रचार करना आवश्यक है। अभी तक लगता है धर्मगुरुओं को यह भी पता नहीं है कि इस्लाम क्या है और उसका मूल स्वरूप क्या है। गैर इस्लामी लोगों के साथ उसका क्या व्यवहार है, उसका निकट भविष्य में हिन्दू समाज पर क्या असर पड़ने वाला है और अन्ततः परिणाम क्या होगा। ईसाइयत के विस्तार के संबंध में भी यही स्थिति है। उनका कर्तव्य है कि समुचित अध्ययन और

स्पष्ट समझ रख कर हिन्दू समाज के जागरण के लिए तुरंत कार्रवाई करें। अपने शिष्यों को इस विषय में पूर्ण शिक्षित करें। नये शिष्यों को बड़े पैमाने पर तैयार करें और उन्हें शिक्षित बना कर गाँव–गाँव में हिन्दू समाज को जगाने के लिए भेजें। हिन्दू समाज को एकता के सूत्र में बाँधने के लिए नियमित ध्यान–योग एवं प्रवचन का नया विधान करें। छुआ–छूत एवं जाति प्रथा की निन्दा करें। इनका किस तरह ऐतिहासिक दौर में धीरे–धीरे निर्माण हुआ और ये आज की परिस्थिति में किस प्रकार हिन्दू समाज के विकास और उसके अस्तित्व के लिए अनुपयोगी तथा बाधक बने हुए हैं। साथ ही शादी में फिजुल खर्ची और दहेज की बुराई का भी विरोध कर समाज को समझावें। इससे हिन्दू समाज स्वस्थ होगा और संगठित होगा। जब समाज संगठित बनेगा तो उत्थान अवश्य होगा। इसके बाद खतरे की पूर्व जानकारी हो जाने से हिन्दू समाज यह समझ जायेगा कि अब बिना अस्त्र–शस्त्र के अपनी रक्षा होना सम्भव नहीं है। इसलिए अस्त्र–शस्त्रों के संग्रह, उनके निर्माण, उनके संचालन का कौशल जानने का प्रयास करेगा। हिन्दू समाज, इसके प्रति उदासीनता का परिणाम, देश विभाजन के समय लाखों लोगों के कत्लेआम के रूप में देख चुका है और रोज ही देख रहा है। इससे समाज के विनाश की संभावनाएँ कम हो जायेंगी।

हिन्दू समाज के अग्रणी महात्माओं, संतों, गुरुओं, साधुओं को अब संकोच, भय, लोभ, लालच आदि छोड़कर अपने उच्च स्थान के अनुरूप हिन्दू समाज की रक्षा और उसके विकास के लिए प्राण–पण से समर्पित भाव से तुरंत लग जाना चाहिए। बड़ी–बड़ी धर्मसभाओं और दूरदर्शन पर धर्मोपदेश देने वाले हिन्दू उपदेशकों का यह कर्तव्य है कि वे मात्र चार हजार वर्ष और उससे भी पहले के पौराणिक कथा कहानियों में पूरे हिन्दू समाज को उलझाये नहीं रखें। उनकी शिक्षाओं का उपयोग वर्तमान परिस्थितियों से निपटने में करें। इस्लाम और ईसाइत के खतरे तथा हिन्दू समाज की आंतरिक कमजोरियों को दूर करने के लिए प्रचार अभियान तेज कर दें।

सुरक्षित रहकर सम्मान और सुविधा प्राप्त कर भोगवादी बनना हिन्दू संतों की पुरानी परंपरा नहीं रही है। वे तो समाज के संपूर्ण कल्याण के लिए स्वंय को समर्पित करने वाले लोग रहे हैं। विजीगिषु जीवन वाद को अपना कर निःस्वार्थ भाव से उन्होंने पूरी दुनिया में भ्रमण कर पूरी दुनिया को ही आर्य बनाने का व्रत ले रखा था। उन महान संतों की परम्परा को दूषित नहीं किया जाना चाहिए। यदि हिन्दू समाज मिटता है, जो आज की परिस्थिति और दिशा को देखने से निश्चित लगता है तो उसके लिए गुनहगार पूर्णरूप से धर्मगुरू, उपदेशक और संत महात्मा ही होंगे, जिन्होंने हिन्दू समाज को जागृत करने के अपने कर्तव्य का पालन नहीं किया।

◆

10. हिन्दू अस्तित्व – संकट और समाधान

हिन्दू समाज या भारत राष्ट्र के लिए, बहुत ही बुरा दिन आने वाला है। भारत भूखण्ड को जो आदि काल से हिन्दू समुदाय का अपना घर रहा है, इस्लाम और ईसाइयत के हाथों अधिग्रहीत किये जाने की स्थिति बन रही है। दुर्भाग्य यह है कि पूरा हिन्दू समाज ही उस भयावह दृश्य को देख सकने में अक्षम आँख वाला बना हुआ है। उदासीन, असावधान, सुषुप्त, स्वार्थान्ध और आत्मकेन्द्रित जीवन शैली अपना लेने के कारण अस्सी करोड़ की हिन्दू जनसंख्या बिखरी हुई, असंगठित और शक्तिहीन बन गई है। इस सबके पीछे सबसे बड़ा कारण दिशाहीनता की है। कोई समाज जब तक संगठित नहीं होता है सशक्त नहीं बन सकता है। संगठित होने के लिए आवश्यक शर्त है, पूरे समाज को एक मत का होना। मतैक्यता से ही एकता, संगठन और फिर शक्ति का निर्माण होता है। मतभिन्नता से बिखराव होता है। आज हिन्दू समाज में बिखराव की जो स्थिति दिख रही है उसका कारण यही है। किसी समाज में जब वैचारिक स्वतंत्रता होती है तो मत–भिन्नता का उभरना स्वाभाविक होता है। किन्तु मत की स्वतंत्रता और समाज के संगठन हेतु सामाजिक अनुशासन की अलग–अलग व्यवस्था की जा सकती है। समाज स्वतंत्र भी बना रहे और संगठित भी। दोनों में एक का अभाव समाज को इस या उस रूप में क्षति पहुँचाता है।

इस्लाम में विचार की कोई स्वतंत्रता नहीं होती है। कुरान, हदीस, हिदाया और सीरत–अन–नबी से प्राप्त निर्देशों, विचारों और भावनाओं से बाहर निकलकर विचार व्यक्त करना मुसलमानों के लिए वर्जित है। यही कारण है कि दुनिया के सभी मुस्लिम देश कट्टरता के साथ अपने मजहबी निर्देशों से बँधे होते हैं और स्वतंत्र, आधुनिक, विकसित, तर्क संगत, न्याय प्रिय एवं नैतिक आदर्शों के साथ नहीं चल पाते हैं। औरतों के अधिकारों को मध्ययुगीन, बुर्कों में कैद कर मानवीय अधिकारों का घोर उल्लंघन करते हैं। चार–चार शादियों की छूट, मनमाना तलाक का अधिकार और जेहाद द्वारा प्राप्त गैर मुसलमानों की औरतों को रखैल रखना और उनसे बलात्कार करना उनके मजहब द्वारा स्वीकृत विधान है। वे विश्वास करते हैं कि ये सब अल्लाह के हुक्म के अनुसार हैं। अपनी मजहबी परम्पराओं के कारण कोई मुस्लिम देश प्रजातंत्र को नहीं अपना पाता है और नागरिक अधिकारों से अपनी जनता को वंचित रखने का ही प्रयास करता है। जेहाद को सर्वोच्च या प्रथम मजहबी फर्ज जानता है, जिसमें गैर मुसलमानों की हत्या करना, उनका धन लूटना, उनकी औरतों और बच्चों को गुलाम बनाना, औरतों से बलात्कार करना, उनको बीवियाँ या रखैलें बनाना आदि पवित्र कर्म माना जाता है। दुनिया के दूसरे सभी समाजों में इन कर्मों को शैतानियत और नीच कर्म समझा जाता है। अन्याय, अनैतिकता, आतंक और अत्याचार के इन दुष्कर्मों का कोई मुसलमान विरोध नहीं कर सकता है। सारी दुनिया में मुसलमानों ने गैर मुसलमानों के साथ यही किया है। दारुल इस्लाम बनाना उनका मजहबी कर्तव्य है। उसके लिए धोखाधड़ी, चोरी, बेईमानी, तस्करी, झूठ, फरेब सब कुछ नैतिक है।

ऐसा नहीं है कि इन दुष्कर्मों को मुसलमान बुरा कर्म नहीं समझते हैं। वे अपने समाज के अंदर इसे वैसा ही समझते हैं। लेकिन अपने समाज के बाहर अर्थात गैर मुसलमानों के साथ उनके ये व्यवहार पवित्र कर्म बन जाते हैं। क्योंकि उनके मजहब के निर्देश के अनुसार जेहाद उनका सर्वोच्च कर्तव्य है। जेहाद का अर्थ है लड़ाई। उनके पैगम्बर के अनुसार लड़ाई का अर्थ है धोखाबाजी। धोखाबाजी किसके साथ ? काफिरों के साथ; जिन्हें कुरान का अल्लाह मुसलमानों का खुला दुश्मन घोषित करता है। अभी मुसलमान दुनिया को दारुल इस्लाम बनाने के कार्य में जुटे हैं। यदि मानवता के दुर्भाग्य से यह संभव हो गया तो अविचार, आतंक और धर्मान्धता की परम्परा उनके विभिन्न फिर्कों में ही ऐसा विध्वंश पैदा करेगी कि मानवता का ही अन्त हो जायेगा। जो संस्कृति तर्क, न्याय और नैतिकता की जगह बल, विध्वंश और उत्पीड़न से पैदा होती है वह अन्ततः अपना शत्रु आप ही होती है। उसे संस्कृति नहीं, विकृति समझना चाहिए।

वैचारिक स्वतंत्रता के अभाव के कारण मुस्लिम समाज कहीं भी सुसंस्कृत नहीं बन पाता है, कम से कम गैर मुसलमानों से व्यवहार के मामले में। लेकिन जहाँ तक संगठन का सवाल है पूरा समाज संगठित है और एक मत है। कम से कम जेहादी मामलों में, आतंक कायम करने के मामलों में और उन सभी कार्रवाइयों में एक मत है जिससे देश को दारुल इस्लाम बनाने के लिए मुस्लिम समाज को संगठित होने की आवश्यकता है। परिणाम स्वरूप वह अभी ही सशक्त बन चुका है। इस संगठन और शक्ति का परिणाम सदा उसके पक्ष में रहा है। संगठन और शक्ति का उपयोग कर काफिरों का विध्वंश करना, राज सत्ता प्राप्त करना और राज सत्ता द्वारा पुनः इस्लामी राज्य और इस्लामी संस्कृति का विस्तार करना आदि कार्य इस्लाम अपने जन्म काल से आज तक सदा एक ही रास्ते से करता आ रहा है। अरबी सांस्कृतिक साम्राज्य विस्तार के लिए ही मुहम्मद ने शामी प्रथा में प्रचलित पैगम्बरी युक्ति द्वारा यह सफलता प्राप्त की। एक गुप्त लड़ाकू संगठन तैयार किया, जिसका उद्देश्य समुदाय का विस्तार करते हुए, अरबी संस्कृति को दुनिया पर थोपना था।

इस्लाम के चरित्र की विशेषता की ध्यानपूर्वक समीक्षा करने से उसके विस्तार का कारण स्पष्ट दिखाई देता है। मुहम्मद अपने कुछ अनुयायियों के साथ मदीना पहुँचे थे। सैनिकों के ड्रिल के समान नमाज पढ़ाने और अन्य इस्लामी विधियों के पालन का उन्हें पहले ही मक्का में तेरह वर्षों तक पूरा अभ्यास कराया जा चुका था और अभी भी वह अभ्यास पूर्ववत् जारी था। मदीना में काफिरों के विरुद्ध लगातार की जाने वाली कूटनीतिक और सैनिक कार्रवाई और षड्यन्त्रकारी हत्याओं के कारण आतंक का साम्राज्य छा चुका था। अनेक यहूदी कबीलों का मदीना से निष्कासन, 800 यहूदियों का कैद कर कसाई की तरह एक–एक कर दिनभर में हत्या और अपने विरोधियों की छल–कपट से बारी–बारी से हत्याओं के कारण, मदीना में आतंक के साम्राज्य की सहज ही कल्पना की जा सकती है। उसी आतंक के साये में मुसलमान बने लोग इस्लाम का पालन कर रहे थे। किसी मुसलमान द्वारा भी खुले रूप से इस्लाम, मुहम्मद और मुहम्मद की पैगम्बरी पर संदेह व्यक्त करने का अर्थ था मौत।

विभिन्न उम्र के मुस्लिम लोगों पर इसी आतंक का संस्कार तैयार हो रहा था। दो ही प्रकार के लोग थे एक मुसलमान, जो संगठित शक्ति के रूप में गैर मुसलमानों पर बर्बरता और क्रूरतापूर्ण आक्रमण करते थे और दूसरे गैर मुसलमान जो असावधान, निहत्थे और असंगठित लोग होते थे। इन पर मुसलमानों द्वारा संगठित और योजनाबद्ध हमले का परिणाम उनके संहार के रूप में होता था। इन हमलों में उनके युवाओं का कत्ल, उनके धन की लूट और उनकी महिलाओं और बच्चों को गुलाम बना कर उन्हें बीवियाँ या रखैलें बना लिया जाता था। यही पराजित लोग, विशेषकर औरतें और बच्चे इस्लाम विस्तार का साधन बनते थे। इनमें वही इस्लामी संस्कार बनता था। भय और आतंक के साये में मुसलमान बनना, भय और आतंक के साये में इस्लामी प्रावधानों का पालन करना और बर्बरता और क्रूरता के साथ पुनः दूसरे गैर मुसलमानों पर आक्रमण करना; फिर उसी अत्याचार से उन्हें अधीन बना कर इस्लामी परेड में शामिल करना होता था। प्रारंभ में जो तरीका बना और भय और आतंक के साये में उपजे मजहबी ईमान से जो श्रद्धा पैदा हुई, उसने स्वाभाविक ढंग से कट्टरता का रूप ले लिया। इस्लाम विस्तार का यही तरीका आज तक चला आ रहा है। परिणाम स्वरूप इस्लामी आतंक और कट्टरता, मुसलमानों के अंदर अपने मजहब के सामान्य नियमों के पालन से लेकर गैर मुसलमानों के साथ उनकी जेहादी कार्रवाई तक में स्पष्ट दिखाई पड़ती है।

यह संस्कार पीढ़ी दर पीढ़ी परम्परा द्वारा चलता है। निरंतर चलने वाले इस्लामी जेहाद के बर्बर और क्रूर तरीके से नवीनीकृत होता चलता है। इस्लामी विस्तार का यह तरीका आज भी चल रहा है। भारत में निकट भविष्य में विध्वंश का खूनी खेल बड़े पैमाने पर खेलने की योजना बन रही है जैसा पिछली सदी में मालावार में मोपलों का उपद्रव और देश-विभाजन के समय पंजाब और बंगाल में तथा देश के अनेक हिस्सों में अनगिनत दंगों के रूप में देखा गया। अभी–अभी जो कश्मीर में सम्पन्न हुआ तथा जम्मू–लद्दाख और देश के अन्य हिस्सों में छिटफुट शुरू हो चुका है। शीघ्र ही जो सारे देश में फैलने वाला है।

इस्लाम के विस्तार के लिए और भारत को दारुल इस्लाम बनाने के लिए भारत के मुसलमान लुकछिप कर विदेशी मुस्लिम देशों की सहायता से भारत को कमजोर करने, मुस्लिम जनसंख्या का विस्तार करने और जेहाद की तैयारी की व्यापक कार्रवाई में जुट गये हैं। उदारवादी सेक्युलर संविधान और वोट के लालची, अनैतिक, अदूरदर्शी एवं सत्ता के भूखे राजनीतिज्ञों के सहयोग से वे आसानी से सत्ता हथियाने, फिर शरीयत कानून लागू करने और पूरी आबादी को बलात् धर्मान्तरित करने की अपनी योजना पर काम कर रहे हैं। साथ–साथ पारम्परिक एवं निर्देशित जेहादी तरीके के लिए भी तैयारी में किसी प्रकार की ढील नहीं दे रहे हैं। अस्त्र–शस्त्र का संग्रह, मुजाहिदीनों का प्रशिक्षण और जेहादी मानसिकता को उभाड़ने की कार्रवाई साथ–साथ चल रही है। विदेशों से चोरी–छिपे अत्याधुनिक हथियारों और विस्फोटकों का जमाव चल रहा है। विभिन्न मुस्लिम देशों की सरकारों और संगठनों से इस काम के लिए अकूत धन आ रहा है। आने वाले समय में इसका परिणाम बहुत भयंकर होने

वाला है। हिन्दुओं का कत्लेआम होगा। उनके बड़े–बड़े महलों, फैक्टरियों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और चल–अचल सम्पत्ति सभी मुसलमानों की हो जायेगी। जैसा देश विभाजन के समय हिन्दुओं–सिक्खों की सम्पत्ति के साथ हुआ। इतना ही नहीं, उनकी बेटियाँ, बहुएँ और बहनें भी उनके पतियों के हत्यारों की बीवियाँ या रखैल बन जायेंगी। बचे खुचे बूढ़े और बच्चे सभी गोमांस खिला कर मुसलमान बना दिये जायेंगे। हिन्दू धर्म के सभी चिन्ह मिटा दिये जायेंगे। मंदिर, कसाईखाने में बदल जायेंगे। मंदिर की स्थापित देवी–देवताओं की मूर्तियाँ तोड़कर मस्जिद की सीढ़ियों और फर्शों पर जड़ दी जायेंगी, आजके जितने पुजारी, महंथ, साधक, साधू, संत, पंडित, पुरोहित सभी कत्ल कर दिये जायेंगे या मस्जिदों में नमाज पढ़ाने के काम में लगा दिये जायेंगे। साधुओं के आश्रम और मठ इस्लामी दरगाह, मदरसों आदि में बदल जायेंगे। उनके धर्मग्रंथ जाहीलियत काल की व्यर्थ की वस्तु समझ कर जला दिये जायेंगे और इस प्रकार हिन्दू समुदाय का इस दुनिया से लगभग अंत हो जायेगा। जैसी इस्लाम विस्तार की जेहादी कार्रवाई चौदह सौ वर्ष से चल रही है। किसी समुदाय पर आने वाली इतनी बड़ी मानवीय विपत्ति की पूरे समुदाय को कुछ भी खबर न हो यह घोर आश्चर्य का विषय है। इसके कारण को समझना आवश्यक है। क्योंकि जब तक उसके सही कारण का पता नहीं चलता है तब तक सही निदान का उपाय भी नहीं हो सकता है।

आज से तेरह सौ वर्ष पूर्व से ही जब मुहम्मद बिन कासिम ने भारत पर आक्रमणकारी जीत हासिल की और हिन्दू समाज को इस्लाम में बलात् धर्मान्तरित करना शुरू किया, हिन्दू समाज असावधान बना रहा। इस्लामी विजय और विस्तार की कार्रवाई चलती रही और हिन्दू समाज सोया रहा। जो भी थोड़ा बहुत प्रयास मुस्लिम आक्रमण को रोकने के लिए हुआ वह शासकों के स्तर पर ही हुआ, धर्माचार्यों के स्तर पर कुछ भी नहीं हुआ। धर्माचार्यों ने इस विपत्ति के संबंध में अध्ययन कर कभी यह जानने का प्रयास नहीं किया कि मुस्लिम आक्रमणों का असली उद्देश्य क्या है ? वे क्यों विजय प्राप्त करने के बाद जनता को इस्लाम में धर्मान्तरित करते जा रहे हैं। वे धर्मान्तरण द्वारा किस प्रकार हमारे ही भाई–बन्धुओं को हिन्दू समुदाय का शत्रु और देश द्रोही बना डालते हैं। इसे रोकने के लिए जनता को जागृत करने और राजसत्ता के सहयोग से सभी स्तर पर इस्लाम के विरुद्ध जी तोड़ कार्रवाई कर उसे मिटा डालने की कोई कोशिश नहीं की गई। उल्टे धर्माचार्य के अधिकार का उपयोग करने वाले आत्मकेन्द्रित और पाखण्डी पंडितों ने उन्हें समाज वहिष्कृत करने, म्लेच्छ और अछूत बना कर अपने समाज से काटने का ही काम किया। परिणाम सामने है। हिन्दू समाज को मिटाने के संकल्प वाला इस्लामी समाज बढ़ने लगा। अपनी हत्या, लूट, व्यभिचार, दुराचार, क्रूरता और अत्याचार वाली बर्बर संस्कृति के साथ हिन्दू समाज को विपत्ति के दलदल में ढकेलना शुरू किया जो आज तक उसी मार्ग से होता हुआ चला आ रहा है और हिन्दू समाज अपनी नासमझी, असावधानी के साथ मिटता चला जा रहा है।

जो परिस्थिति मुस्लिम आक्रमणों के शुरुआती दिनों में थी आधुनिक काल

में भी वही स्थिति है जबकि आज संचार के विकसित साधनों के माध्यम से हिन्दू समाज को शीघ्र ही खतरों से सचेत कर उससे अपनी सुरक्षा की तैयारी हेतु तैयार किया जा सकता था।

आधुनिक काल में हिन्दू समाज राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ नामक संगठन से बहुत आशा लगाये हुए था कि वह इस दिशा में कुछ निर्णायक महत्व का कार्य कर रहा है किन्तु सच्चाई यह है कि वह बिल्कुल ढोल का पोल साबित हुआ है। अस्सी वर्ष के अपने जीवन काल में आर0एस0एस0 ने जो कुछ किया है वह लगभग नहीं के बराबर है। आदिवासी क्षेत्र में उसके द्वारा मिशनरियों के धर्मान्तरण अभियान के विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई अवश्य ही प्रशंसनीय है पर अन्य क्षेत्रों में उसकी उपलब्धियों का चित्र निराशाजनक ही है। भारत के गाँव–गाँव और शहर–शहर घूम कर देखिये हिन्दू समाज में कहीं आर0एस0एस0 नहीं है। आज तक यह संगठन पूरे समाज को आंदोलित करने वाला कोई आंदोलन नहीं चला सका, जिससे हिन्दू समाज का जुड़ाव होता और सम्पूर्ण समाज को जागृत करने में मदद मिलती।

"समस्त हिन्दू समाज को एकत्रित करने का यह कार्य है। दल या संस्था के रूप का कार्य करते रहने की हमारी बिल्कुल इच्छा नहीं। हमारा सम्प्रदाय नहीं बनना चाहिए। समाज के साथ हम एक रूप हों। समाज से अलग गुट का रूप हमारा नहीं होना चाहिए। अपने सम्पूर्ण समाज को संगठित रूप से खड़ा करना ही हमारा लक्ष्य है।"

1962 में श्री गुरू जी द्वारा (विजय पथ में) व्यक्त विचार और निर्धारित लक्ष्य का 2005 में मूल्यांकन करने पर संघ की अक्षमता और दिशाहीनता साफ झलकती है। उस समय ही संघ की कमियों का उन्होंने जो उल्लेख किया उसमें आज तक कोई सधार नहीं हआ और यह कागजी संगठन बन कर रह गया। जहाँ तक इस्लाम और उससे हिन्दू समाज को खतरे से सावधान करने हेतु हिन्दू शिक्षण द्वारा समाज को जागृत, सतर्क और संगठित करने का सवाल था, उसके प्रति उनकी क्या स्थिति थी?

सीताराम गोयल लिखते हैं – ".....आर0 एस0 एस0 ने कभी इस्लाम और भारत में उसकी गतिविधि को समझने की चेष्टा नहीं की। एक सार्वजनिक मंच से बोलते हुए मैंने गुरू गोलवरकर को अपने कानों से कहते हुए सुना,"मैं इस्लाम का सम्मान हिन्दू धर्म के समान ही करता हूँ और कुरान को वेद के समान ही पवित्र मानता हूँ।" (How I become A Hindu, Page 89)

1925 में जब डॉ0 केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा संघ की स्थापना हुई तब प्रतिक्रियात्मक प्रेरणा के मुख्य कारक, बार–बार होने वाले मुस्लिम–हिन्दू दंगे ही थे। इन दंगों में अकारण ही असंगठित, असावधान और अनजान हिन्दुओं को मुसलमानों द्वारा काट डाला जाता था। उस समय 'गदर' नाम से प्रचलित ये दंगे देश भर में हो रहे थे। बहुसंख्यक होने के बाद भी हिन्दुओं का अकारण ही अति सरलता से बार–बार संहार होता हुआ देखकर हेडगेवार जी ने हिन्दुओं में धार्मिक और राष्ट्रीय भावनाओं को जगा कर उन्हें शिक्षित, सचेत, संगठित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से इसकी स्थापना की थी। मुसलमानों को राष्ट्रीय धारा में शामिल करना भी अपना लक्ष्य

बनाया था। उस समय हिन्दुओं की दुर्दशा से सभी हिन्दू दुःखी थे। समान भावनात्मक परिवेश में संगठन तेजी से विकसित हुआ। पर इसका लक्ष्य और कार्यदिशा के निर्धारण में सूझबूझ और उचित कौशल का अभाव रहा जिससे यह भटकता हुआ अति धीमी गति से चलता रहा। परिणाम स्वरूप आज अस्सी वर्ष बाद हिन्दू समाज से पूरी तरह कटा हुआ अपरिचित संगठन बन कर रह गया है। इसका परिचय, टी0वी0, समाचार पत्र और पत्र–पत्रिकाओं से ही मिलता है। परिस्थितियों के अनुसार हिन्दू समाज की भावनात्मक स्थिति जैसे-जैसे बदलती है आर0 एस0 एस0 में भी उसके अनुसार ही गति बनती है। इसका अपना निर्धारित उद्देश्य और उसकी प्राप्ति हेतु सुनियोजित कार्यक्रम का प्रखर और नियमित विधान नहीं है या है तो निष्क्रिय है।

जबकि मुसलमानों का एक निश्चित मजहबी विधान है कि काफिर हिन्दुओं को मिटा डालना है। इसके लिए उनके निश्चित जेहादी कार्यक्रम हैं। वे उसके लिए सदा सचेत, संगठित और सशक्त बने रहने के प्रयास में रहते हैं तथा मौका मिलते ही कार्रवाई कर बैठते हैं। देश-विभाजन के बाद से भारतीय क्षेत्र में परिस्थिति पूरी तरह उनके अनुकूल नहीं होने के कारण वे विवशता में बड़े पैमाने पर जेहादी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं और एक शांत समुदाय की तरह दिखाई पड़ रहे हैं। पर अपने जेहादी कार्यक्रम को लागू करने के लिए अंदर ही अंदर उनकी तैयारी जोर–शोर से चल रही है। जैसे ही परिस्थिति उनके अनुकूल होगी सारे देश को खून की दरिया में डुबो देने में उन्हें समय नहीं लगेगा।

आर0एस0एस0 को इसकी स्पष्ट समझ कभी नहीं हो सकी, न पहले ही और न आज ही। इसलिए हिन्दू जागृति के लिए उसने कुछ भी नहीं किया। इसकी स्थापना के 22 वर्षों के बाद ही मुस्लिम अलगाववाद के चलते देश बँट गया पर इसे तब भी मुस्लिम चरित्र का ज्ञान नहीं हुआ। 1951 में, काँग्रेसी प्रधानमंत्री नेहरू द्वारा हिन्दू हितों के भीतरघात से क्षुब्ध होकर जब आर0 एस0 एस0 प्रेरित भारतीय जनसंघ नाम की पार्टी बनी, तब भी इनमें भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का विचार नहीं उपजा। 1980 में जब जनसंघ पार्टी, भारतीय जनता पार्टी बनी उस समय तो उसका आदर्श ही 'गाँधीवादी समाजवाद' घोषित कर दिया गया। सारा हिन्दू समाज भ्रम में पड़ा रहा और व्यर्थ ही बी0जे0पी0 को हिन्दू हित रक्षक समझता रहा। जबकि सच्चाई यह थी कि यह भी काँग्रेस की तरह स्वार्थी लोगों की जमात बन गई जो हिन्दू राजनीति के माध्यम से अपना हित साधन करती गयी। इसने भी अपने हितों के लिए हिन्दू हितों का ही त्याग किया; हिन्दू हितों के लिए अपने हितों का नहीं।

आर0एस0एस0 मात्र दिखावा के लिए सैनिक तर्ज पर बना हुआ कार्यकर्ताओं का संगठन है जो हिन्दू समाज पर आने वाली मानवीय या प्राकृतिक त्रासदियों के समय अपने साधनों और कार्यकर्ताओं द्वारा पीड़ित लोगों के बीच राहत कार्य चला कर अपनी वाहवाही का ढोल पीटता है। इसमें सैनिक शक्ति नाम मात्र भी नहीं है। यह समय–समय पर प्रशिक्षण शिविर लगा कर मात्र उन हिन्दू युवकों को, जो इसके सदस्य होते हैं, राष्ट्रीयता का उपदेश देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ लेता है। न तो हिन्दू समाज की ज्वलंत समस्याओं को सुलझाने और न मुसलमानों को ही

राष्ट्रीय बनाने का कोई काम आजतक कर सका है।

अपने संसाधनों से इस संगठन ने कार्यकर्ताओं की अच्छी संख्या खड़ी की है, जो घटती बढ़ती रहती है। जगह–जगह बड़े–बड़े निजी कार्यालय बने हैं। कभी धर्मान्तरण का विरोध, कभी दंगों के विरुद्ध कार्रवाई, कभी दुर्घटनाओं एवं अन्य दैवी आपदाओं के समय काम करना आदि ये लोग जो भी करते हैं अच्छा ही करते हैं, पर जो भी करते हैं वह सम्पूर्ण हिन्दू समाज के अस्तित्व रक्षा के लिए किये जाने वाली आवश्यकता की तुलना में नगण्य होता है। यह भयंकर रूप से दिशाहीनता का भी शिकार है।

